Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 275 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, रविवार 28 अप्रैल 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



अच्छे लोग दूसरों के लिए जीते हैं, जबकि दुष्ट लोग दूसरों पर जीते हैं।

Good People live for others while the bad people live on others.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज




## कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को अत्याचार, भ्रष्टाचार और अपराध का गढ़ बना दिया था : विष्णुदेव साय

**मुख्यमंत्री ने बलरामपुर के वाड्रफनगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- जनता की मांग का मोदी जी ने रखा ख्याल, बनाया पहला आदिवासी मुख्यमंत्री**

### सुबह से लेकर रात तक हाय पैसा-हाय पैसा करते थे कांग्रेसी : मुख्यमंत्री



**रायपुर/वाड्रफनगर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बलरामपुर के वाड्रफनगर में चुनावी सभा ली। जहाँ उन्होंने कांग्रेस और भूपेश बघेल की बखिया उधेड़ दी। कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए कितनी दुर्भाग्य की बात है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हमारे बेटे-बेटियों को जुआ-सट्टा का लत लगाया। महादेव सट्टा एप को निर्बाध रूप से चलाने के लिए 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप उन पर लगा और एफआईआर भी दर्ज हुआ। पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को अत्याचार, भ्रष्टाचार और अपराध का गढ़ बना दिया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में वादे तो बड़े-बड़े किये थे पर एक भी पूरा नहीं किया। इसके उलट पूरी कांग्रेस को लगा कि अभी सरकार में बैठे हैं तो कहीं से बस पैसा मिल जाए। सिर्फ हाय पैसा-हाय पैसा यही किया। दारु के दूकान में दो कैश काउंटर बना दिये, एक कैश काउंटर का हिसाब सरकार के पास था और एक कैश काउंटर का हिसाब सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के पास था। कांग्रेस सरकार ने न केवल रेत और डीएमएफ घोटाला किया, बल्कि अपनी महत्वाकांक्षी योजना नरवा गरवा घुरवा बाड़ी का गोबर भी खा गए। विष्णु देव साय ने कहा कि आज कितने ही कांग्रेसी नेताओं के ऊपर न केवल एफआईआर है बल्कि बहुत से जेल की चक्की पीस रहे हैं। बड़े-बड़े अधिकारी जिन्होंने भ्रष्टाचार में सरकार का सहयोग किया उन्हें डेढ़-डेढ़ साल से जमानत नहीं मिल रही है। ऐसी कांग्रेस को छत्तीसगढ़ में खाता भी नहीं खोलने देना है।

श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता की मांग थी कि प्रदेश में एक आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाया जाए। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने यह मांग भी पूरी कर दी है। एक आदिवासी के बेटे को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का दायित्व सौंपा है। इसलिए हम सबका भी फर्ज है कि आगामी 7 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना महती सहयोग प्रदान करें। विष्णु देव साय ने अपने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज 4 महीने उनकी सरकार को हुए हैं। उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किये हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति उन्होंने दी। 12 लाख किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी। श्री साय ने कहा कि न केवल समर्थन मूल्य के अंतर की राशि एकमुश्त उनकी सरकार ने किसानों के खाते में ट्रान्सफर किये वरन महिला शक्ति के लिए लागू उनकी योजना महतारी वंदन योजना के दूसरे महीने की राशि भी उनके खातों में ट्रान्सफर कर दी है। हर महीने के पहले सप्ताह को किश्त की राशि दे दी जाएगी, ये भरोसा मुख्यमंत्री ने महिलाओं को दिलाया। उन्होंने कहा कि श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत भी हो चुकी है, जिससे कि प्रदेश के रामभक्त अयोध्या में भांचा राम के दर्शन का लाभ पा रहे हैं। 5500 रूपये प्रति मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदने के भी आदेश दे दिए हैं और खरीदी के लिए हमनें 15 दिनों का समय भी तय कर दिया है। चरण पादुका योजना की भी पुनः शुरुआत होगी। साथ ही उन्होंने मोदी की गारंटी में जो बचे वादे हैं उनको भी सांय-सांय पूरा करने की बात कही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए सीएम साय ने कहा कि ये चुनाव देश के देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। एक चायवाले, गरीब के बेटे मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। मोदी जी ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए सबका विकास किया, सबको समृद्ध बनाया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव मोदी जी के नेतृत्व में 2029 तक भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति और 2047 तक विकसित भारत बनाने का चुनाव है। उन्होंने जनता से आगामी 7 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज को सांसद बनाने का आग्रह किया।

जनसभा में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज, विधायक गण राजेश अग्रवाल, शकुंतला सिंह पोर्ते, उद्देश्वरी पैंकरा, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल एवं बाबूलाल अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## जीएसटी लागू करने से आम आदमी का जीवन बर्बाद हो गया है : खड़गे

### एआईसीसी अध्यक्ष ने गुवाहाटी में संवाददाता सम्मेलन को किया संबोधित



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने असम के गुवाहाटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया. मीडिया के सामने अपने संबोधन में खड़गे ने पीएम मोदी पर बड़ी टिप्पणी कर दी.

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मुख्य उद्देश्य इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराकर पार्टी को देश की सत्ता से बाहर करना है. इस दौरान उन्होंने दावा किया कि इस बार देश में सत्ता परिवर्तन होने वाला है. लोग बीजेपी के कुशासन के खिलाफ वोट करेंगे और कांग्रेस को सत्ता में लाएंगे. उन्होंने यह भी कहा कि इस बार लोकसभा का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है. यह चुनाव किसी व्यक्ति विशेष का चुनाव नहीं है. कांग्रेस पार्टी किसी को नीचा दिखाने के लिए चुनाव नहीं लड़ रही है. ये कांग्रेस की लड़ाई है देश को बचाने की, देश के संविधान को बचाने की. उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार की आलोचना की और कहा कि जीएसटी लागू करने से आम आदमी का जीवन बर्बाद हो गया है. नोटबंदी (नोटबंदी) ने देश के आम आदमी के आर्थिक ढांचे को नुकसान पहुंचाया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर साल 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था. किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन पीएम ने अपना वादा नहीं निभाया.

## ईवीएम में मेरी फोटो छोटी और अस्पष्ट : भूपेश बघेल

**पूर्व मुख्यमंत्री ने किया ट्वीट कहा, इससे परिणाम नहीं बदलेंगे**



**रायपुर (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ की 3 सीटों कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद में वोट डाले गए। इन तीनों सीटों से बीजेपी उम्मीदवारों ने तो मतदान किया, लेकिन कांग्रेस के 2 प्रत्याशी ऐसे हैं जो मतदान ही नहीं कर पाए और अब वे खुद के लिए वोट भी नहीं कर पाएंगे। कांग्रेस के जो 2 प्रत्याशी खुद के लिए वोट नहीं कर पाए उनमें पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हैं। बघेल राजनांदगांव से प्रत्याशी हैं, जबकि साहू महासमुंद सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों ही मतदान नहीं कर पाए हैं, जबकि कांकेर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर ने परिवार के साथ जाकर मतदान किया। दरअसल, बघेल और साहू दुर्ग संसदीय सीट के वोटर हैं। बघेल पाटन विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हैं तो साहू दुर्ग ग्रामीण विधानसभा सीट के। दुर्ग संसदीय क्षेत्र के लिए तीसरे चरण में यानी 7 मई को मतदान होगा। इसी वजह से दोनों आज मतदान नहीं कर पाए हैं। रायपुर। प्रदेश की सबसे हॉट सीट मानी जा रही राजनांदगांव में मतदान काफी हंगामेदार रहा। पहले टेडेसरा में विवाद हुआ इसके बाद पूर्व सीएम और कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने ईवीएम में अपनी फोटो को लेकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर ही सवाल खड़ा कर दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया में पोस्ट करके कहा कि लोकसभा के मतदाता फ़ोन करके शिकायत कर रहे हैं कि ईवीएम में बाकी प्रत्याशियों की फ़ोटो बड़ी और स्पष्ट है लेकिन मेरी फ़ोटो छोटी और अपेक्षाकृत अस्पष्ट है। फ़ोटो तो वैसी ही दी गई थी जैसी चुनाव आयोग ने मांगी थी।यह निष्पक्षता के चुनाव आयोग के दावों की कलई खोलता है। क्या यह षडयंत्रपूर्वक किया गया है? लेकिन इससे परिणाम नहीं बदलने वाला है।

इससे पहले टेडेसरा में भूपेश बघेल की मौजूदगी में बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की सूचना है। बताया जा रहा है कि बघेल अपने समर्थकों के साथ टेडेसरा मतदान केंद्र पहुंचे थे। जहां बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मतदान केंद्र के अंदर जाने से रोकने की कोशिश की। इसी दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। बीजेपी कार्यकर्ता ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्याशी बघेल अपने समर्थकों के साथ आया और मारपीट करने लगा।

## ईवीएम पर सवाल उठाने वाले वही लोग हैं जो कभी बैलेट लूटा करते थे : मुख्यमंत्री योगी




**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईवीएम पर सवाल उठाने पर कांग्रेस ओर इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि ये वही लोग हैं जो बैलेट लूटने का काम करते थे। लोकसभा चुनाव में पुख्ता हार को देख कांग्रेस के लोग ईवीएम पर दोषारोपण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने गोमांस मुद्दे पर भी कांग्रेस और इंडी गठबंधन को निशाने पर लिया। सीएम योगी ने पूछा कि वो अपने घोषणापत्र में लिख रहे हैं अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खान-पान का अधिकार दिया जाएगा। आखिर अल्पसंख्यकों का ऐसा कौन सा खान-पान है जो शेष समुदाय से अलग है। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।

मुख्यमंत्री ने ईवीएम मुद्दे पर कहा है कि इंडी गठबंधन जब भी हार रहा होता है, तो अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर डालने का प्रयास करता है। 2014 से लगातार हम सब इस बात को सुन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग ईवीएम को नकार रहे हैं ये वही हैं जो बैलेट बॉक्स लूटने का काम करते थे। अगर आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव की सुचिता को सुनिश्चित किया है तो ये लोग अपना गुस्सा ईवीएम पर फोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दो चरणों के चुनाव के रुझान ने स्पष्ट कर दिया है कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनने जा रही है।

## जैन धरोहर दिवस के रूप में मनाई गई निर्मल कुमार सेठी की पुण्यतिथि





**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. निर्मल कुमार सेठी की तृतीय पुण्यतिथि देश के 200 शहरों में जैन धरोहर दिवस के रूप में मनाई गई। उल्लेखनीय है कि श्री सेठी ने अपने 40 वर्षीय अध्यक्षीय कार्यकाल में दुनिया के 40 देश में जैन पुरा संपदा के अन्वेषण एवं अनुसंधान का महती कार्य किया।

पूज्य गणिनी आर्यिका सौभाग्यमती माता जी के संघ सानिध्य में स्थानीय सन्मति नगर दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित विनयांजलि सभा को पंचायत के अध्यक्ष अरविंद बडजात्या, महिला महासभा की प्रांतीय अध्यक्षा उषा गंगवाल, वर्षा सेठी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश रारा ने संबोधित किया। इस अवसर पर श्री रारा ने कहा कि स्व. सेठी जी का जन्म अपना नाम इतिहास के पन्नों पर दर्ज करने के लिए नहीं बल्कि विश्व में विस्मृत हो रही जैन पूरा संपदा को इतिहास के पन्नों पर गर्व के साथ अंकित करने के लिए हुआ था, जिस कार्य को उन्होंने बखुबी पूरा किया। पूज्य सौभाग्यमती माताजी ने कहा कि स्वर्गीय सेठी जी की तरह आप भी सद कार्य करके अपने जीवन एवं मरण की पुस्तक के बीच एक अध्याय स्मरण का भी जोड़ लेना। **-कैलाश रारा**

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से पेट की गंभीर बीमारी से जूझ रहे ग्रामीण को मिला नया जीवन

### एमएमआई रायपुर में हुआ सफल आपरेशन, ग्रामीण युवक की जान बचाने बंजारा समाज ने जताया सीएम का आभार



**जशपुर नगर (विश्व परिवार)।** पेट की गंभीर बीमारी से जूझ रहे पालेश्वर राम (25 वर्ष) को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से नया जीवन मिला है. पालेश्वर के स्वजनों ने बताया कि पालेश्वर बीते एक साल से पेट की गंभीर बीमारी से ग्रसित था. उसके पेट मे भयंकर दर्द रहा करता था, जिससे वह ना तो ठीक से खा पाता था और ना ही सो पाता था. इससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी. परिजनों ने पालेश्वर को स्थानीय अस्पताल लेकर गए. जहां, परीक्षण के बाद चिकित्स्कों ने बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया.निजी अस्पताल मे जांच के बाद चिकित्स्कों ने आपरेशन की आवश्यकता बताई. लेकिन, आपरेशन का भारी खर्च ने, पालेश्वर के परिजनों के होश उड़ा दिया. बीते लगभग एक साल से पालेश्वर, इसी हालत मे घर मे ही पड़ा हुआ था. इस बीच, पीड़ित पालेश्वर के स्वजनों ने सीएम कैम्प बगिया पहुंच कर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पालेश्वर की जान बचाने के लिए, उपचार मे सहायता का अनुरोध किया. मुख्यमंत्री साय के पहल पर रायपुर के नारायणा हॉस्पिटल मे पालेश्वर के इलाज की व्यवस्था की गई. डॉक्टरो ने जांच मे पालेश्वर के पेंक्रिया और आंत मे समस्या पाया. मुख्यमंत्री विष्णु साय के निर्देश पर, नारायणा हॉस्पिटल ने पालेश्वर का सफल आपरेशन किया. फिलहाल, पालेश्वर स्वास्थ्य लाभ ले रहा है.पालेश्वर के आपरेशन का सारा भुगतान आयुष्मान कार्ड के माध्यम से किया गया है.

## पिपरौद की सभा में अभनपुर क्षेत्र के सात सौ कांग्रेसी सीएम के सामने भाजपा में हुए शामिल

### सभी कांग्रेसियों को मुख्यमंत्री साय ने कमल फूल का दुपटटा ओढ़ाकर सम्मानित किया



**नवापारा-राजिम (विश्व परिवार)।** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के सात सौ कांग्रेसी पिपरौद की सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सामने भाजपा में शामिल हो गए। शामिल होने वाले सभी कांग्रेसियों को मुख्यमंत्री ने कमल फूल का दुपटटा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसे बड़ी घटना के रूप में माना जा रहा है। शामिल होने वालों में कांग्रेस पार्टी के बड़े कददावर नेताओं का नाम है जिसमें नगरपालिका नवापारा के पूर्व अध्यक्ष देहुति साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठतम नेता रतीराम साहू, नवापारा नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष, नवापारा परिक्षेत्र के संरक्षक मेघनाथ साहू, सहदेव कंसारी, युवा कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण कल्ला, ब्लॉक सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू, पूर्व जनपद सदस्य भेनु साहू, पूर्व सरपंच भुवन साहू, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष अशोक साहू, जनपद सदस्य डॉ उत्तम साहू, जनपद के पूर्व अध्यक्ष गिरजा साहू, पूर्व जनपद सदस्य गैंदलाल साहू, पूर्व जनपद सदस्य डिगेश्वरी वर्मा, सहकारी समिति पोंड़ के पूर्व अध्यक्ष मिलेश वर्मा, ग्रामीण विकास समिति पोंड के अध्यक्ष संतोष मन्नाड़े, परसदा के उपसरपंच महेन्द्र वर्मा, पूर्व उपसरपंच रमेश वर्मा, गोठान समिति के अध्यक्ष टिकू यादव, पारसमणी साहू, टीला के उपसरपंच संतोष देवांगन, झाड़ूराम सहित नवापारा, खोल्हा, टीला, परसदा सहित दर्जनों गांव के करीब सात सौ लोग भाजपा प्रवेश किए जिनका नाम संचालक संदीप शर्मा मंच से लिए।

## भाजपा सरकार में साहस हो तो झीरम की भी सीबीआई जांच करवाये : कांग्रेस



**रायपुर (आरएनएस)।** बीरनपुर और पीएससी मामले की सीबीआई जांच पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा को अपने पुलिस पर भरोसा नहीं है या अपने शासन प्रणाली पर भरोसा नहीं है जो सीबीआई जांच करवा रहे है। क्या पुलिस इस मामले की जांच करने में सक्षम नहीं है या साय सरकार का शासन तंत्र कमजोर है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब सीबीआई जांच कराने की बात हो ही रही है। भाजपा में साहस हो तो वह झीरम मामले की सीबीआई जांच करवाये। एनआईए झीरम मामले पर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची। भूपेश सरकार के द्वारा गठित एसआईटी को जांच नहीं करने दिया गया, न्यायिक जांच भी अधूरी है। ऐसे में झीरम मामले की भी सीबीआई जांच होनी चाहिये। झीरम मामले की सीबीआई जांच क्यों जरूरी? एनआईए की जांच में कुछ सामने नहीं आया। एनआईए ने भूपेश सरकार के द्वारा गठित एसआईटी को मामले की फाईल नहीं वापस किया था, इस कारण एसआईटी जांच शुरू नहीं कर पाई थी। एनआईए ने घटना के राजनैतिक षड़यंत्रों की जांच नहीं किया था। न्यायिक आयोग की जांच भी लंबित है।

### राज्य की एसआईटी जांच शुरू करें

सीबीआई से जांच नहीं करवा सकते तो राज्य के द्वारा गठित एसआईटी से जांच करवाया जाय। सुप्रीम कोर्ट ने एनआईए को राज्य की एसआईटी को फाईल वापस देने का निर्देश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के दिसंबर 2023 के फैसले के बाद एसआईटी की जांच का रास्ता खुल गया है। भाजपा सरकार झीरम मामले की जांच के लिये पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गठित एसआईटी की जांच शुरू करवाये।

## राष्ट्र संत मुनि श्री चिन्मय सागर जी महाराज जंगल वाले बाबा का 37 दीक्षा दिवस सम्पन्न




**भाटापारा ( विश्व परिवार )।** श्री 1008 आदिनाथ नवग्रह दिगंबर जैन मंदिर में परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि श्री 108 चिन्मय सागर जी महाराज जंगल वाले बाबा का मूल सिंहासन एवं जंगल वाले बाबा के चरण विद्यमान है। प्रात: 8:00 बजे जंगल वाले बाबा के चरणों का पंचामृत अभिषेक संपन्न किया गया, जिसमें सर्वप्रथम जलाभिषेक, दूध, केसर, चंदन, हल्दी, रत्न, पुष्प वृष्टि आदि भक्ति भाव से संपन्न हुए। पूज्य मुनि श्री 108 चिन्मय सागर जी महाराज एक ऐसे संत हैं जो कि इस पंचम काल में बियावान जंगलों में रहकर कठोर साधना किया करते थे, साधना करके संसार के सभी प्राणियों का कल्याण करते थे, विश्व बंदिनीय श्री 108 आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने श्री दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र सोनागिरी जी दतिया मध्य प्रदेश में महावीर जयंती के दिन 31 मार्च 1988 को डायरेक्ट मुनि दीक्षा प्रदान की थी।द्य विद्यासागर जी महाराज के प्रथम शिष्य थे जो डायरेक्ट मुनि बने थे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुमन लता मोदी, रजनी, नेहा, अंशु, प्रकाश मोदी, आलोक, विनोद, अभिषेक अभिनव, अभिनंदन, आर्नव, अनायशा नवीन गदिया, नितिन गदिया, पंकज गदिया आदि उपस्थित थे। समस्त कार्यक्रम अभिषेक मोदी के संचालन में संपन्न हुआ। -**प्रकाश मोदी**

## आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में महावीर भगवान का मस्तकाभिषेक सम्पन्न

**भाटापारा ( विश्व परिवार )।** श्री 1008 आदिनाथ नवग्रह दिगंबर जैन मंदिर भाटापारा में महावीर जयंती के पावन अवसर पर पांडुक शीला में विराजमान कर भगवान महावीर का अभिषेक संपन्न हुआ, अभिषेक के पश्चात शांति धारा का सौभाग्य श्री प्रकाश मोदी को प्राप्त हुआ, शांति धारा के पश्चात श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी की मूलनायक प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक प्रारंभ हुआ, सर्वप्रथम संरक्षक प्रकाश मोदी एवं नवीन गदिया के द्वारा प्रारंभ हुआ, उसके पश्चात सभी भक्तों ने भगवान का मस्तककाभिषेक संपन्न किया, श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में साल में दो बार भगवान का मस्तकाभिषेक संपन्न होता है, महावीर जयंती और एक महावीर निर्वाण कल्याणक के दिन, यह प्रतिमा अतिशय कारी प्रतिमा है, इस प्रतिमा का स्वभिषेक कई बार मंदिर की में हो चुका है, इस प्रतिमा का मस्तकाभिषेक का शुभ अवसर प्राप्त करना शुभ कार्य होता है, मस्तकाभिषेक के पश्चात श्री महावीर भगवान की प्रतिमा मस्तक पर विराजमान कर सभी भक्त मंदिर परिसर में छोटा सा जुलूस निकालकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाएं।उक्त जानकारी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक मोदी ने प्रदान की।



## प्रभु भक्ति से शक्ति प्राप्त होकर नेत्र ज्योति बिना चिकित्सा इलाज के वापस आई : आर्यिका श्री महायशमति माताजी

**बांसवाड़ा ( विश्व परिवार )।** पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज संघ सहित बाहुबली कॉलोनी बांसवाड़ा में विराजित है। आज की प्रवचन सभा में आर्यिका श्री महायशमति माताजी ने बताया कि भगवान की भक्ति में बहुत शक्ति होती है। बांसवाड़ा में विराजित आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज कि जब सन 1969 में मुनि दीक्षा हुई तब दीक्षा के कुछ माह बाद उनकी नेत्र ज्योति जयपुर में अनायास चली गई, उन्होंने 3 घंटे लगातार भगवान श्री चंद्र प्रभु की भक्ति की उसे भक्ति के फलस्वरुप उनकी नेत्र ज्योति बगैर डॉक्टरी इलाज के पुन: वापस लौट आई। समाज प्रवक्ता महेंद्र कवालिया गज्जू भैया अनुसार एक अन्य कथा के माध्यम से माताजी ने बताया कि कई सैकड़ो वर्ष पूर्व कुष्ठ रोग से पीड़ित एक मुनिराज ने एकीभाव स्रोत की रचना की उसे रचना में प्रभु भक्ति के प्रभाव से कुष्ठ रोग से ग्रस्त मुनिराज का शरीर स्वर्ण मय हो जाता है।प्रभु भक्ति में चौथे श्लोक में मुनिराज भगवान की प्रभु भक्ति में कहते हैं कि तीर्थंकर भगवान के धरती पर जन्म लेने के पूर्व से यह धरती स्वर्णमयी आपके पूर्ण प्रताप से हो जाती है, तो , है भगवान में प्रभु भक्ति से आपको हृदय में विराजित कर ध्यान करूंगा तो मेरा शरीर क्यों नहीं स्वर्णमय हो सकता है। और प्रभु भक्ति से मुनिराज के शरीर कुष्ठ रोग दूर होकर शहरी स्वर्ण समान सुन्दर हो जाता है प्रभु की भक्ति किसी भी रूप में दर्शन, अभिषेक, पूजन, स्तोत्र, स्वाध्याय, चिंतन करने से आनद, और पुण्य की प्राप्ति होती है प्रभु से ज्ञान दान की प्रार्थना करते हैं ज्ञान से दुर्गुण, बुराई नष्ट होकर पुण्य सद गति की प्राप्ति होती हैं।मिश्री के समान पुण्य भी मीठा होता हैं। प्रभु भक्ति के समय भाव परिणाम निर्मल होना चाहिए।



माताजी ने प्रवचन में बताया कि भगवान की भक्ति विनय पूर्वक करना चाहिए क्योंकि जब तक पुण्य की क्रिया नहीं करेंगे तब तक पुण्य में वृद्धि नहीं होगी हम प्राचीन परंपरा, संस्कृति, सभ्यता से विमुख होते जा रहे हैं मंदिरों में भगवान की भक्ति में हमारा मन लगता नहीं है।संत की तुलना बसंत ऋतु से की जिस प्रकार बसंत के आने से प्रकृति सुधर जाती है ठीक उसी प्रकार संत के आने से संस्कृति सुधर जाती है। आचार्य संघ का सानिध्य प्राप्त कर आप धर्म प्रभावना और पुण्य में वृद्धि कर सकते हैं। प्रभु की भक्ति का महत्व में गुणों बाबद बताया कि जिस प्रकार व्रज के प्रहार से पहाड़, चट्टान टूट जाती है उसी प्रकार प्रभु की भक्ति से कर्म रूपी पहाड़ टूट जाते हैं नष्ट हो जाते हैं। प्रभु भक्ति संजीवनी अमृत समान है। -**राजेश पंचोलिया**

## निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने बताया- अतीत में महापुरुषों की व्यथा वर्तमान की कथा

**गौरेला ( विश्व परिवार )।** महापुरुषों के अतीत की व्यथा वर्तमान की कथा बन जाती है और वर्तमान युग व्यथा की कथा से लाभान्वित हो जाता है। निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने कुण्डलपुर के समीप पटेरा ग्राम में जिज्ञासा शंका समाधान करते हुये दी। महापुरुष यदि अपने अंतरंग के भावों को बाहर उद्घाटित न करे तो उनका अनुमान लगाकर व्यक्त करने का हमें न तो अधिकार है न हि ऐसी कोई चेष्टा करना चाहिए।



मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन में अनेक व्यथा अनेक कष्ट आये। उनके जीवन की ये व्यथा वर्तमान में कथा के माध्यम से हमें ज्ञात होती हैं। आदिनाथ भगवान के जीवन की व्यथा को वर्तमान में कथा के रूप में हम जानते मानते और सीखते हैं। महापुरुष की व्यथा वर्तमान में कथा रूपी उपकार है। जो वर्तमान को ज्ञान, दशा और दिशा प्रदान करती है। आपने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने संपूर्ण साधना काल में अपने पदविहार की न तो कभी घोषणा की न हि कभी किसी से इस संबंध में विचार विमर्श किया। उन्हें कब विहार करना है कहां जाना है ये या तो स्वयं आचार्य महाराज जानते थे या केवलज्ञानी, इसीलिए उन्हें अनियतविहारी कहा जाता हैं।उनके अन्तर्मन के विचार कभी कोई न जान पाया न ही उन्होंने अन्य किसी को बताया। हमारे आचार्य महाराज निज साधना के परम् मौनसाधक थे। कुछ जिज्ञासाएं सामने आती हैं कि उन्होंने अपनी सल्लेखना और समाधिमरण की सार्वजनिक अभिव्यक्ति क्यों नहीं की, जब आचार्य महाराज जीवन भर अप्रगट विहार कर अनियतविहारी रहे तो अपने अंतिम विहार को भी अनियतविहारी की ही साधना पूर्ण की। -**वेदचन्द जैन**

## परम् श्रद्धेय स्व.श्री निर्मल कुमार जी सेठी के तृतीय पुण्य स्मृति दिवस पर भावपूर्ण श्रृद्धांजलि

**नाम निर्मल चारित्र निर्मल और निर्मलता के धारी निर्मल कुमार सेठी को शत-शत नमन हमारी**

**कोटा/राजस्थान रायपुर ( विश्व परिवार )।** देवशास्त्र गुरु के परम भक्त व्यवहार कुशल प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी सुप्रसिद्ध समाजसेवी कर्मयोगी प्राचीन तीर्थ जीर्णोधारक जैन समाज की आन बान शान महासभा के महास्तंभ परम श्रद्धेय स्व. श्री निर्मल कुमार जी सेठी साहब के तृतीय पुण्यस्मृति दिवस पर भाव पूर्ण श्रद्धा सुमन समर्पित करता हूं। आप संपूर्ण जैन समाज की अनमोल निधि थे। आपने जीवन काल में जैन धर्म के प्राचीन तीर्थक्षेत्र, अतिशयक्षेत्र, सिद्ध क्षेत्र इत्यादि की रक्षा सुरक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। आपके सुपुत्र पारस जैन की जब अकाल मृत्यु हुई थी उसके कुछ दिनों बाद जब मेने आपको फोन किया था तो आपने भरे हृदय से मुझसे कहा था कि एक पारस मेरा चला गया दूसरा पारस पार्श्वमणि मेरा कोटा में रहता है जो सम्पूर्ण भारत की जैन समाज के लिये किसी मणि से कम नहीं है।



उन्होंने जीवन भर मुझे पुत्र की तरह स्नेह, प्यार, प्रेम दिया था। हर महीने में दो बार आपका फोन आता था। आपकी वाणी सुनकर मेरा हृदय आपके प्रति श्रद्धा से नतमस्तक हो जाता था। आपकी मंगल प्रेरणा से मैंने अपने जीवन के 31 वर्ष जैन पत्रकारिता के क्षेत्र में समर्पित किए है। विभिन्न साधु संतो की वाणी का खूब प्रचार प्रसार कर अलग अलग समाचार पत्रों में कवरेज की। 31 वर्षो की कवरेज फाइल भी मेरे पास अवलोकनार्थ उपलब्ध है। आप एक बार घर आए और मेरी माता के हाथ का भोजन बड़े प्यार से स्वीकार किया था। आपकी सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि आप जिस नगर गांव शहर में होते थे और यदि आपको किसी भी साधु के बारे में पता लगता कि अमुक मंदिर में संत विराजमान है तो आप तुरंत उनकी आहार चर्या हेतु निकल पड़ते थे आपने कभी छोटे-बड़े साधु में भेदभाव नहीं किया। आपके शरीर का रोम रोम देव शास्त्र गुरु प्राचीन तीर्थ क्षेत्र के जीर्णोद्धार को समर्पित रहा है। -**पारस जैन पार्श्वमणि**


दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

निविदा सूचना

**निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-आर-2024-E02 दिनांक. 23.04.2024**
**कार्य का नाम :** सेक्शनल स्पीड में एवम ओ एच ई की विश्वनीयता में सुधार हेतु, झुके हुए मास्टो का प्रतिस्थापन (एस एस.ई./ओ एच ई/ रायपुर के क्षेत्राधिकार में)। **निविदा मुल्य:** रु.2,90,91,015.63/- **बीड सेक्युर्टी:** रु.2,95,500/- **निविदा प्रस्तुत करना:** 15:00 बजे तक दिनांक 21/05/2024. **निविदा खोलना:** 15:30 बजे दिनांक 21/05/2024. टेंडर दस्तावेज, पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के लिए पूर्ण विवरण के लिए कृपया वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी)/ एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें या डाउनलोड करें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी)**
पीआर/आर/टीआरडी/एपी/19 **एस.ई.सी.आर., रायपुर**
South East Central Railway @secrail



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./10155/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 25-04-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 10155
वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331F00041** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VEDMATI SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **SUDHIR SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUDHIR SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE M.N. SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**


## महाराष्ट्र मंडल की बैठक में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर अपने विचार व्यक्त करते महाराष्ट्र नाट्य मंडल के सचिव प्रसन्न निमोणकर

**विभिन्न चरणों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए किए जाएंगे प्रयास**

### शहर के 10 व्यस्ततम इलाकों में 5 मई की शाम को चलाया जाएगा विशाल मतदाता जागरूकता अभियान

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाराष्ट्र मंडल की कार्यकारिणी ने आवश्यक बैठक में रायपुर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए कार्यकारिणी सदस्यों सहित महाराष्ट्र मंडल की विभिन्न समितियां, प्रकल्पों, केंद्रों के साथ- साथ आजीवन सभासदों को भी इससे जोड़ा जाएगा।

बैठक की शुरुआत में सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी ने कहा कि चार माह पहले हुए विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में सबसे कम मतदान रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में महज 54.68 प्रतिशत रहा। इसी तरह रायपुर दक्षिण में 59.99 प्रतिशत, रायपुर ग्रामीण 57.2, उत्तर 54.50 फीसदी मतदान हुआ था। किसी भी राज्य की राजधानी के लिए यह स्थिति सम्मानजनक नहीं है।



लोकसभा चुनाव में मतदान के समय तापमान 42 से 45 डिग्री के बीच रहेगा और कई वैवाहिक व सामाजिक कार्यक्रमों की व्यस्तता होगी। ऐसे समय लोगों को मतदान केंद्र तक लाना चुनौतीपूर्ण होगा।

अध्यक्ष अजय काले ने कहा कि मंडल के 13 कार्यकारिणी सदस्य अपने- अपने घरों के पास भीड़ भरी जगह पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए गंभीर प्रयास करेंगे। सचिव चेतन दंडवते की अगुवाई में रायपुर के भीड़ भरे 10 चौराहों पर महाराष्ट्र मंडल के कार्यकारिणी सदस्य प्रकल्पों के पदाधिकारियों, केंद्रों की संयोजिकाओं- सह संयोजिकाओं और आजीवन सभासदों की टीम के साथ 5 मई को शाम 6 बजे से हाथों पर तख्तियां लेकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

बैठक में सभी 10 स्थान व प्रभारी जयस्तंभ चौक- शारदा चौक प्रभारी- निरंजन पंडित, तात्यापारा चौक प्रभारी- श्याम सुंदर खंगन, अनुपम गार्डन प्रभारी- परितोष डोनगांवकर, अग्रसेन चौक प्रभारी भगीरथ कालेले, रायपुरा चौक प्रभारी- नमिता शेष, पचपेड़ी नाका चौक प्रभारी- अपर्णा देशमुख, मरीन ड्राइव प्रभारी गीता दलाल, नेताजी चौक कटोरा तालाब प्रभारी- विशाखा तोपखानेवाले, गोल चौक रोहिणीपुरम प्रभारी- दीपक किरवईवाले, टाटीबंध चौक प्रभारी- रश्मि गोवर्धन चिन्हित किए गए हैं।

## श्री बालाजी हॉस्पिटल में परामर्श एवं जांच में 50 प्रतिशत की छूट

### जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने अनुकरणीय पहल की सराहना की

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के लिए निजी प्रतिष्ठानों द्वारा अनुकरणीय पहल की गई है। श्री बालाजी हॉस्पिटल और संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल ने मतदाता जागरूकता के लिए अंगुली में स्याही दिखाने पर परामर्श और जांच में छूट देने की घोषणा की है। दोनों संस्थानों ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह को पत्र सौंपा है। इस कार्य के लिए कलेक्टर ने इन प्रतिष्ठानों की सराहना की है।

मोवा के श्री बालाजी हॉस्पिटल में मतदाताओं को 7 मई के दिन ओपीडी में परामर्श निशुल्क दिया जाएगा। 8 से 12 मई के मध्यम में ओपीडी परामर्श में 50 प्रतिशत की छूट रहेगी। 7 से 12 मई तक ओपीडी में जांच पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके अलावा संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल द्वारा 7 मई को निशुल्क परामर्श दी जाएगी। साथ ही ओपीडी जांच में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। 8 मई को ओपीडी परामर्श में 50 प्रतिशत की छूट रहेगी। 7 मई को भर्ती होने वाले मतदाताओं से रूम का किराया भी नहीं लिया जाएगा। निजी प्रतिष्ठानों ने भी मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 51 दिनांक 25.04.2024
वार्ड का नाम- सुन्दर लाल शर्मा वार्ड
वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 20 मांग **पंजी क्र. 38 युआईडी 21927** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **डी.एम. बिल्डर्स / परेश कुमार मानिक** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **अमित कुमार / मंगत सिंह** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 25-05-2024 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 52 दिनांक 25.04.2024
वार्ड का नाम- सुन्दर लाल शर्मा वार्ड
वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 20 मांग **पंजी क्र. 1040 युआईडी 37233** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **डी.एम. टावर / परेश कुमार मानिक** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **प्रतिक सुल्तानिया / प्रभात सुल्तानिया** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 25-05-2024 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 49 दिनांक 25.04.2024
वार्ड का नाम- सुन्दर लाल शर्मा वार्ड
वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 20 मांग **पंजी क्र. 38 युआईडी 21927** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **डी.एम. बिल्डर्स / परेश कुमार मानिक** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **रोहित वर्मा / गौतारिहा वर्मा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 25-05-2024 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 50 दिनांक 25.04.2024
वार्ड का नाम- सुन्दर लाल शर्मा वार्ड
वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 20 मांग **पंजी क्र. 38 युआईडी 21927** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **डी.एम. बिल्डर्स / परेश कुमार मानिक** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **संजीव वर्मा / नवमीदिन वर्मा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 25-05-2024 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 53 दिनांक 25.04.2024
वार्ड का नाम- कैलाश नगर वार्ड
वार्ड क्र. 21 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 21 मांग **पंजी क्र. 249 युआईडी 22949** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **गीता बाई / रामजी साव** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मनीषा जांगडे / मिलु राम जांगडे** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 25-05-2024 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./7452/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 27-04-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 7452
वार्ड का नाम- 18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR803B00170** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DUKHAWA RAM SATNAMI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. DHANA JEET** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SONIA BAI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMESH SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ ........ / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./7386/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 27-04-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 7386
वार्ड का नाम- 18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR803B00067** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DILIP SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUKHRAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RANI PANDEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PURAN PRASAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **NAZUL MALBA BIKRI NAMA**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./7109/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 27-04-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 7109
वार्ड का नाम- 18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110D00308** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **D.SITA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **G.D. DHARMARAO** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DASIGI RAVI KIRAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE SHRI D KAMESHWAR RAO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# रामपुर विधानसभा की जनता लगाएगी मोदी की गारंटी पर जीत की मुहर : डॉ सरोज पांडेय

### कांग्रेस की लापता सांसद को रामपुर विधानसभा की जनता अब बदलने को तैयार

### रामपुर व कोरबा लोकसभा के विकास की गारंटी पर आशीर्वाद व समर्थन मांगने आई हूं



**कोरबा(विश्व परिवार)।** गुरुवार को कोरबा लोकसभा की बीजेपी प्रत्याशी डॉ सरोज पांडेय रामपुर विधानसभा के मदनपुर, गुरमा, गितकुंवारी, बरपाली, जिलगा, बाँधापाली में अपने जनसंपर्क दौरे में रही, सरोज पांडेय ग्राम मदनपुर पहुंची जहां स्थानीय लोगो व कार्यकर्ताओ द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ गौरा, कर्मा नृत्य व ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। वही सरोज पांडेय ने अलग अलग जगहों में सभाएं की और जनता जनार्दन से मुलाकात की। मदनपुर में आयोजित जनसभा के दौरान सरोज पांडेय ने जनता के बीच केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की साय सरकार की अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं और विकास के मॉडल के बारे में बताया और कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार चैबीस घंटे जनता व देश-प्रदेश के विकास में तत्पर रहती है जिसका जीता जागता उदाहरण मैं विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार बनने पर जनता के विश्वास को मानती हूं।बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय ने कहा कि मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की महिलाओं को मिला 1000 प्रतिमाह और सालाना के मिलेंगे 12000 ? मिलेंगे यह राशि हमारी माताओं बहनों के जीवन मे कई परिस्थितियों में बदलाव की स्थिति की दशा और दिशा को तय करेगा जो मोदी की गारंटी पर मोदी परिवार को मिल रहा है। रामपुर में जनसभा के दौरान सुश्री पांडेय ने कहा कि रामपुर व कोरबा लोकसभा के विकास की गारंटी दे रही हूं जिसके लिए यहां की जनता से आशीर्वाद व समर्थन मांगने आई हूं, मैं रामपुर विधानसभा को विकास से अछूत के दशा से बाहर निकालकर यहां के हर वर्ग व हर क्षेत्र में चहुमुंखी विकास के लिए बढ़चढ़कर प्रयास करूंगी और जनता के बीच सुख दु:ख बाटने का में भी मौजूद रहूंगी।

## भाजपा ने जो कहा कर दिखाया : सुश्री सरोज पांडेय



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. सरोज पांडेय ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने देश की जनता से जो भी वायदे किए उसे पूरा कर दिखाया है। यह बात उन्होंने रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आयोजित विभिन्न नुक्कड़ सभाओं में आमजनों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने अपने संबोधन में ये भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार ने जो भी प्रमुख वायदे पूर्व में किए थे उन्हें पूरा किया है। इनमें जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना, अयोध्या में राम मंदिर बनवाना और तीन तलाक पर कानून बनाना शामिल है । ये वो महत्वपूर्ण फैसले हैं जो कल्पना से भी परे था। इसी तरह देश के 80 करोड़ गरीबों को प्रति सदस्य 5 किलो मुफ्त चावल दिया जाना, ढाई अरब से अधिक लोगों को मुफ्त कोरोना टीका लगवाना और हाल ही में सीएए कानून पारित कराना भी केंद्र सरकार के मजबूत इरादों को दर्शाता है । विधानसभा चुनाव 2023 के समय प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश के 18 लाख गरीबों को पीएम आवास देने, 3100 की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी करने और महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1000 रु देने का जो वायदा किया था उसे भी पूरा कर दिखाया है। इसी कड़ी में तेंदू संग्रहण प्रति मानक बोरा 4000 से बढ़कर 5500 किया गया है। वहीं वनोपज के समर्थन मूल्य में भी वृद्धि की गई। है ।

## हैवी ब्लास्टिंग से परेशान लोगो ने बंद कराया खदान का काम

**कोरबा(विश्व परिवार)।** एसईसीएल प्रभावित व अधिग्रहित ग्राम नराईबोध के लोग इन दिनों पानी व हैवी ब्लास्टिंग की समस्या से जूझ रहे हैं अपनी मांग को लेकर ग्रामीणों ने कई बार एसईसीएल गेवरा प्रबंधन को अवगत कराया फिर भी एसईसीएल प्रबंधन गांव की से अनजान बने बैठे हैं,आखिरकार परेशान होकर गुरुवार की सुबह गांव की महिलाएं बच्चे खदान में उतर कर खदान के मिट्टी खनन, कोयला खनन के काम को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक गेवरा खदान का प्रोडक्शन किया बंद कराए। एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारी सुरेश चैधरी व एसईसीएल के अधिकारियों ने खदान में हैवी बलास्टिंग को बंद कर रीपर मशीन से खुदाई कराने की बात कही, साथ ही पानी की समस्या को दूर करने नराइबोध में शुक्रवार की सुबह से ही प्रतिदिन 5 से 6 टैंकर से पानी की भेजवने की बात कही साथ ही गांव में बंद पढ़े बोर की सफाई कर नए मशीन लगाने को बात कही, खदान से पाइप लाईन द्वारा गांव के तालाब में पानी भराव करा देने व गांव में बड़ा बोर खुदाई कराने की बात पर सहमति बनी, ग्रामीणों ने बताया कि यदि एसईसीएल अपनी बातों से मुकरेगा तो गा ंव वाले पुनरू संपूर्ण खदान बंदी की बात करेंगे जिसकी सम्पूर्ण ज्वाबदारी एसईसीएल गेवरा प्रबंधन की होगी..खदान बंदी में मुख्य रूप से संतोष दास, राकेश पटेल, नवीन दास, उमेंद निर्मलकर, क ाम जी पटेल, कांति बाई, चम्पा बाई, पूर्णिमा महंत सहित सैंकड़ों की संख्या में गांव वाले उपस्थित थे।

## पलायन से लौटे मजदूरों ने लोकतंत्र के महापर्व में निभाई अपनी भागीदारी

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदान में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले से पलायन किए मतदाताओं को लोकतंत्र महापर्व में शामिल होने प्रोत्साहित किया जा रहा है। घर आजा संगी अभियान के तहत आज पलायन से लौटे मजदूरों में मूंगाबाई, केशोराय, गंगाबाई, गणेश, सोहद्रा, कोदुराम, कुंती बाई, समलिया, देवंतीन एवं रेवाराम, दुष्यंत एवं पिंकी दीवान ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान पिंकी एवं दुष्यंत ने सेल्फी जोन में तस्वीरें भी ली। इन सभी मतदाताओं की सहभागिता अन्य मतदाताओं को प्रेरित करता है। जीवन यापन के लिए काम करने घर से बाहर निकले मजदूरों के कारण मतदान प्रतिशत में कमी को रोकने प्रशासन द्वारा उनके मोबाइल पर मैसेज एवं वीडियो कॉल के माध्यम से चुनाव के महापर्व में भागीदारी करने और मतदान के लिए प्रेरित किया गया। जिसके कारण वे मतदान करने अपने गांव पहुंचे। मूंगाबाई और केशोराय ने बताया कि वे अधिक मजदूरी मिलने की चाह में कमाने खाने जाते हैं। कई बार हम मतदान नहीं कर पाते जिसका हमें पछतावा रहता है। लेकिन इस बार जिला प्रशासन के अधिकारियों ने फोन करके हमें जानकारी दी और मतदान देने के लिए आमंत्रित किया।

## कम मतदान वाले क्षेत्रों में लगातार पहुंच रही निगम की टीम अनिवार्य रूप से मतदान करने मतदाताओं से आग्रह

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में जिले में संचालित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नगर पालिक निगम केरबा की टीम कम मतदान वाले क्षेत्रों में लगातार पहुंचकर मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मतदान करने का आग्रह कर रही है। आवासीय क्षेत्रां मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को यह संदेश दिया जा रहा है कि वे अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करें तथा अपना मतदान कर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य जिला प्रशासन द्वारा रखा गया है, सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करें, इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम सघन रूप से चलाए जा रहे हैं, ऐसे मतदान केन्द्रों, जहाँ विगत चुनावों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, वाले क्षेत्रों में विशेष फोकस रखते हुए निगम की टीमें पहुंच रही है तथा रैलियों का आयोजन कर मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में दर्री जोन के मतदान केन्द्र क्र. 27, 28, 29, 30 एवं 31 में निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया तथा मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए मतदान करें तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता दें। मतदाताओं ने ली मतदाता शपथ - रैली समापन के पश्चात उपस्थित मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराई गई। मतदाताओं ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# केदार द्वीप में प्राकट्य उत्सव पर नौका दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

### पहली बार हुए आयोजन ने आकर्षित किया लोगों को



**कोरबा(विश्व परिवार)।** हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू में श्री हनुमान प्रकटोत्सव समारोह में नौका दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नौका दौड़ का आयोजन सदानीरा शिवनाथ की धारा किया गया। केदार द्वीप मदकू में नौका दौड़ प्रतियोगिता का आयोज का दौड़ में शिवनाथ नदी के तटवर्तीय ग्रामों की 18 टोलियों के द्वारा सहभागिता दी गई। एक किलोमीटर की दूरी की इस नौका दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेलू निषाद, अगेसर निषाद को स्व. चंद्रिका यादव की स्मृति में 3100 रूपये एवं श्रीफल, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले जगतराम निषाद, द्वारिका निषाद को 2100 की राशि एवं श्रीफल, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बृजलाल निषाद, चंद्र राम निषाद को 1100 रूपये एवं श्रीफल क्रमशरू सामाजिक कार्यकर्ता वासुदेव वोपचे,संत रामरूप दास महात्यागी, कमलेश अग्रवाल के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में सहभागिता देने वाले सभी प्रतिभागियों को श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप सेवा समिति मदकू और पाराशर प्रजापति की ओर प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। श्री हनुमान प्रक टोत्सव समारोह में द्वीप परिसर में स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में पूजन, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ,आरती के पश्चात प्रसाद वितरण एवं भण्डारा का आयोजन कि या गया। उक्त आयोजन में समिति के जीवन लाल कौशिक, राममनोहर दुबे,मनीष मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, संतोष तिवारी, भगवती प्रसाद मिश्र,मनीष अग्रवाल,परस साहू, विजय सिंह,प्रमोद दुबे,सुरेश साहू, जागेश्वर सिंह, फेरहा राम, विरेन्द्र सिंह, दयाराम यादव, नेतराम सोनवानी सहित बड़ी संख्या में आसपास के गांवों के ग्रामीण सम्मिलित हुए।

## आदर्श मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को तिलक लगाकर एवं फूल बरसाकर किया स्वागत

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** जिले में कुल 20 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। आदर्श मतदान केन्द्र को स्थानीय संस्कृति के अनुरूप सजाया गया है। महासमुंद में सिरपुर के थीम पर आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। इन केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। आदर्श मतदान केन्द्रों में आकर्षक प्रवेश द्वार के साथ ही नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा मतदाताओं को तिलक लगाकर एवं फूल बरसाकर स्वागत किया जा रहा है। यहां मतदान देने पहुंच रहे मतदाताओं ने कहा कि आदर्श मतदान केन्द्र में पहुंचकर हमें हमारे स्थानीय कल्चर की छटा देखने को मिल रहा है। मतदाताओं ने कहा कि यहां लोकतंत्र के पर्व का उत्सव मनाने का एहसास हो रहा है। आदर्श मतदान केन्द्र को जिस तरह सजाया गया है उसके चलते मतदान के लिए लंबी लाइन के बीच खड़े होकर भी गर्मी का एहसास नहीं हो रहा है। छाया, कूलर एवं पेयजल की व्यवस्था सराहनीय है। उन्होंने प्रशासन की इन तैयारियों की सराहना करते हुए उत्साह पूर्वक मतदान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### खेत में लगे बोर पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर कुदमुरा लौटे हाथियों का दल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात बदस्तूर जारी है। कोरबा वनमंडल के कुदमुरा सर्किल में जंगल के कक्ष क्रमांक पी-1140 में मौजूद हाथियों का दल बीती रात आगे बढकर करतला रेंज के तराईमार गांव पहुंच गए। यहां रात में उत्पात मचाने के बाद हाथियों का दल सुबह होने से पहले फिर वापस लौट आया और फिर कुदमुरा सर्किल के जंगल में डेरा डाल दिया है। हाथियों ने तराईमार गांव में उत्पात मचाने के दौरान एक ग्रामीण के खेत में लगे बोर के पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं रास्ते में बैगामार व तौलीपाली गांव में आठ कि सानों की फसल को रौंद कर पूरी तरह मटियामेट कर दिया। जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के खेत में पहुंचने और फसल रौंदे जाने की जानकारी तौलीपाली व बैगामार के लोगों को तब लगी जब वे फसल को देखने खेतों में पहुंचे तो वहां धान फसल को लहलहाने के बजाय रौंदा हुआ पाया। मौके पर हाथियों के पैरों के निशान थे। ग्रामीणों को यह समझने में देर नहीं लगी कि हाथियों ने उनकी मेहनतों पर पानी फेर दिया है। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई जिस पर उसका अमला आज सुबह मौके पर पहुंचा और नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है। क्षेत्र में विगत तीन दिनों से बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। कुदमुरा रेंज में 7 हाथियों का एक अन्य दल भी विचरण कर रहा है। यह दल बीती रात लबेद से एलोन गांव पहुंच गया और वहां के जंगल में डेरा डाल दिया है।

### पहली बार मतदान कर प्राची मिश्रा बेहद खुश नजर आई

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** पहली बार मतदान करने 18 प्लस आयु वर्ग के क्लब पारा निवासी युवा मतदाता प्राची मिश्रा बेहद खुश नजर आई। प्राची मिश्रा ने उत्साह के साथ मतदान किया। आदर्श मतदान केन्द्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय वाणिज्य भवन में वे सुबह से मतदान करने पहुंची थी। प्राची ने कहा कि यहां मतदान केंद्र का साज सज्जा देखकर उन्हें बहुत ही अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए छाया, कूलर, पानी की अच्छी व्यवस्था की गई है। उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन की व्यवस्था को सराहा और अपने जैसे युवाओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

### नहर में नहाने के दौरान डूबकर बुजुर्ग की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** हसदेव बांगो की बांयी तट नहर में नहाने के दौरान डूबकर लापता हुए एक बुजुर्ग की मौत हो गई। कोरबा सीतामणी के शनि मंदिर नहर पुल के पास लोगों ने शव देखा। कुछ देर के बाद गोताखोरों की मदद से शव निकाल लिया गया। पुलिस को इसकी जानकारी दी गई है। सीएसईबी चैकी क्षेत्र के चारपारा कोहडिया इलाके से वास्ता रखने वाला मृतक इस घटना की भेंट चढ़ा है। सीएसईबी पुलिस को जब तक इस बारे में जानकारी मिलती, शव यहां से क ाफी दूर जा चुका था और लोगों ने उसे बरामद कर लिया। जानकारी के अनुसार कोहडिया निवासी बुजुर्ग नहाने के लिए नहर गया हुआ था। उसी दौरान वह फिसलने से काफी नीचे जाने के साथ डूब गया और फिर लापता हो गया। आसपास के लोगों को इसकी जानकारी होने पर वे हरकत में आए लेकिन नहर में इस समय मौजूद पानी के वेग के आगे उन्हें कुछ नहीं सूझा।

### विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं ने आगे बढ़कर किया वोट

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के वोटरों का इस बार विशेष रूझान दिखाई दिया। पिथौरा, बागबाहरा और महासमुंद जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं ने आगे बढ़कर वोट दिया। बागबाहरा के कमार युवा मतदाता सुरेश कमार, सुवल कमार, नागेन्द्र कमार ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए बताया कि वे आज सुबह से मतदान देने के लिए तैयार हो गए है। क्योंकि उन्हें सुबह से ही खेत और अपने काम के लिए बाहर निकलना पड़ता है। लेकिन आज के इस चुनई तिहार में वे अपना कर्तव्य और जिम्मेदारी समझते हुए अपने मत का प्रयोग किया है। बागबाहरा सिर्री पठारीमुंड़ा के कमार जनजाति द्वारा मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है। मतदाता बिसनी बाई कमार, फूल बाई कमार, मानसिंह कमार, रातिबाई कमार, ललिता कमार, अजय सिंह कमार, सोमनाथ कमार, झूरू जैसे कमार जनजाति के कई महिला, पुरूष मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में अपनी भागीदारी निभाई।

# संपादकीय

## प्रचार के लिए स्वतंत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अलीगढ़ में भाषण बांसवाड़ा का विस्तार है। ये दोनों भाषण एक दिन के अंतराल पर हैं। दोनों की पिच एक है। कांग्रेस पर हमले के बहाने, बहुसंख्यकों में उसके शासन का डर बैठाना। यह कहना कि 'उनकी गाढ़ी कमाई से अर्जित संपत्तियां, यहां तक कि 'स्त्रीधन कहे जाने वाले महिलाओं गहने-मंगलसूत्र-तक माओवादी की तरह छीन लिये जाएंगे।' राष्ट्रीय संसाधन पर अल्पसंख्यकों, वे जो 'घुसपैठिए' हैं, वे 'जिनके ज्यादा बच्चे' हैं, का पहला हक होने' की वकालत की याद दिला कर बहुसंख्यकों में उनके प्रति हिकारत पैदा कराना। प्रधानमंत्री अपने पक्ष में प्रचार के लिए स्वतंत्र हैं। पर वे कांग्रेसी मैनिफेस्टो या 2006 में तात्कालिक प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के भाषण को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के लिए नहीं। वे भूल जाते हैं कि ऐसे भाषण विभाजनकारी कोटि में आते हैं। चुनाव में होने के बावजूद एक प्रधानमंत्री के रूप में इसकी उन्हें इजाजत नहीं है। कांग्रेस चुनाव आयोग से मिल कर उनके एवं पार्टी के विरु द्ध 17 शिकायतें की हैं। प्रधानमंत्री के भाषण से लगता है, कांग्रेस जैसे सत्ता में आ रही है। ऐसा पहले चरण के मतदान में गिरावट से उन्हें लगा है। हालांकि कम वोट भाजपा का निरस्तीकरण नहीं है। पर यह आरएसएस कार्यकर्ताओं के अनुत्साह को दर्शाता है। दूसरी बात, कांग्रेस ने अपने मैनिफेस्टो में मोदी-राज में बढ़ी आर्थिक विषमताओं के आलोक में एक आयोग बैठाने की बात की है। सरप्लस भूमि-वितरण की बात की है। इसमें गलत क्या है? स्वयं प्रधानमंत्री एवं उनकी पार्टी और अन्य सारे दल इस तरह के कार्यक्रमों के साथ आने का वादा करते हैं। मनमोहन सिंह ने 'देश के आर्थिक संसाधनों को हाशिए पर पड़े तमाम समुदायों को देने' की बात कही थी। यह प्रधानमंत्री भी जानते हैं कि देश के मुसलमान 'घुसपैठिए' नहीं हैं। वे भी अन्य के जैसे देश के नागरिक हैं, राष्ट्रवादी हैं। उनकी जनसांख्यिकी दर हिन्दू जितनी है। बेशक, लोगों के कल्याण और उनकी पहचान को जोड़ने पर राजनीतिक और चुनावी बहस हो सकती है, लेकिन मोदी के भाषण इस पर व्यापक संदेश भेजने के उनके स्वयं के प्रयासों के विरु द्ध हैं, जो लाभार्थियों में जाति-समुदाय के आधार पर भेदभाव नहीं करता। वे खुद भारत की विविधता एक 'बहुरत्नधारी वसुंधरा' मानते हैं, लेकिन पूरे समुदाय को एक विरोधी के रूप में पेश करके, प्रधानमंत्री उस बहस को व्यापक करने की संभावनाओं को सिकोड़ देते हैं।

# सियासत के संग्राम में नारों का जोर-शोर

अजय कुमार



चुनाव के बनते-बिगड़ते समीकरणों के बीच चुनावी नारे खूब रंग जमाते रहे हैं। शुरुआती चुनाव से मौजूदा दौर तक चुनावी नारे सियासी दलों की विचारधारा की तस्वीर को जनता के बीच साफकरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। इन्हीं नारों की पतवार के सहारे कई पार्टियों की नैया भी पार लगी है तो कई बार कुछ नारे जमीदोज भी हो गये। अब तो चुनावी नारों के साथ-साथ राजनीतिक विरोधियों पर हमला करने से लेकर मतदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने तक, लोकप्रिय बॉलीवुड फिल्मों के कई हास्य तत्वों सहित रंगीन मीम्स की सोशल मीडिया पर बाढ़ भी देखने को मिलती है, इंस्टाग्राम से लेकर एक्स तक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चुनावों से पहले राजनीतिक बढ़त के लिए कड़वे पोस्टर युद्ध और यहां तक कि कड़वे मीम की लड़ाई भी देखी जा सकती है। मतदाताओं, विशेषकर युवा और पहली बार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए मीम्स का इस्तेमाल किया है, जो कई बार विचित्र होते हैं। लोकसभा चुनाव में सबसे पहला लोकप्रिय नारा सन 1971 के आम चुनाव में गरीबी हटाओ रहा। इस नारे की गूंज गली-गली तक रही और इंदिरा गांधी को लोगों ने हाथों हाथ लिया था। असल में 1967 में जब इंदिरा गांधी चुनाव मैदान में उतरीं तो उस दौरान कांग्रेस का नारा सरकार बनाना खेल नहीं, इस दीपक में तेल नहीं सियासी फिज़ाओं में खूब गूंजा था, लेकिन 1971 में गरीबी हटाओ नारे के साथ इंदिरा गांधी ने लोगों से भावनात्मक रिश्ता कायम करने में सफलता हासिल की। आम लोगों के दिल को छूने वाला यही नारा एक बड़ा मुद्दा बन गया। चुनाव प्रचार के दौरान इंदिरा गांधी लोगों से कहती थीं कि वह कहते हैं कि इंदिरा हटाओ, हम कहते हैं गरीबी हटाओ। इसी पर इंदिरा के समर्थन में एक और नारा लोकप्रिय हुआ...जात पर न पात पर, इंदिरा जी की बात पर, मुहर लगेगी हाथ पर।

1977 में जननायक जयप्रकाश नारायण ने कांग्रेस के खि़लाफ़ चुनाव में इंदिरा हटाओ, देश बचाओ का नारा दिया था। उस साल जनता पार्टी ने कांग्रेस को हराकर जीत हासिल की और इसमें इस नारे का बहुत बड़ा हाथ था। 1996 और 1998 के चुनावी मैदान में राजतिलक की करो तैयारी आ रहे अटल बिहारी को खूब लोकप्रियता मिली, लेकिन इसके बाद हुए आम चुनाव में बीजेपी का इंडिया शाइनिंग नारा पूरी तरह से धाराशायी हो गया था। इसी चुनाव में समाजवादी पार्टी का मुलायम तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं भी खूब गूंजा था। 2014 से 2019 लोकसभा चुनाव में हर-हर मोदी और मोदी है तो मुमकिन है का नारा भी चुनावी रणक्षेत्र में खूब गूंजा। भाजपा की हर रैली में इस नारे का शोर रहा। इसका असर यह रहा कि 2014 में भाजपा का वोट प्रतिशत तेजी से बढ़ा। आज की तारीख में लोकसभा चुनाव के लिए नारों का शोर गली-मोहल्लों में भले ही न सुनाई दे रहा हो, लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंच बना रहे हैं। इनका असर पहले से अधिक प्रभावी है। आजादी के बाद हुए आम चुनाव से अभी तक नारों के तेवर ने बनते बिगड़ते समीकरणों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। कब जनता के बीच कौन सा नारा सिर चढ़ कर बोला इसकी बात की जाये तो वर्ष 1952 में खरा रुपैया चांदी का, राज महात्मा गांधी का और देश की जनता भूखी है,यह आजादी झूठी है खूब हवा में उछला था। इसी तरह वर्ष 1957 में जली झोपड़ी भागे बैल,यह देखा दीपक का खेल, जिस दीपक में तेल नहीं, सरकार बनाना खेल नहीं। वर्ष 1962 में, जाटव-मुस्लिम भाई-भाई, बाकी कौम कहां से आई। सिंहासन खाली करो जनता आती है। वर्ष 1967 में जय जवान जय किसान। वर्ष 1977 में बेटा कार बनाएगा, मां सरकार बनाएगी।यह नारा संजय गांधी और इंदिरा गांधी पर कटाक्ष करते हुए गढ़ा गया था। इसी के साथ जमीन गर्क चकबंदी में, मकान ढह गया हटबंदी में। दरवाजे पर खड़ी औरतें चिल्लाएं, मेरा मर्द गया नसबंदी में भी काफी प्रभावी रहा था।

वर्ष 1980 में इंदिरा जी की बात पर मुहर लगेगी हाथ पर, का नारा लगा। वर्ष 1984 में जब तक सूरज चांद रहेगा, इंदिरा तेरा नाम रहेगा। उठे करोड़ों हाथ हैं, राजीव जी के साथ हैं। वर्ष 1996 में 'सबको देखा बारी-बारी, अबकी बारी अटल बिहारी।' महंगाई जो रोक न पाई वो सरकार निकम्मी है जो सरकार निकम्मी है वो सरकार बदलनी है। वर्ष 2004 में शाइनिंग इंडिया, कांग्रेस का हाथ, आम आदमी के साथ नारे की धूम रही थी। वर्ष 2014 में 'अबकी बार मोदी सरकार, अच्छे दिन आने वाले हैं और हर हर मोदी, घर घर मोदी। वर्ष 2019 में 'सबका साथ सबका विकास', 'मोदी है तो मुमकिन है। मोदी हटाओ, देश बचाओ, अब होगा न्याय। इस बार वर्ष 2024 में मोदी की गारंटी, अबकी पार 400 पार। कांग्रेस का हाथ बदलेगा हालात सपा का 'घर घर बेरोजगार मांगे रोजगार卐 नारा चर्चा है।

अब तो चुनावी नारों के साथ-साथ राजनीतिक विरोधियों पर हमला करने से लेकर मतदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने तक, लोकप्रिय बॉलीवुड फिल्मों के कई हास्य तत्वों सहित रंगीन मीम्स की सोशल मीडिया पर बाढ़ भी देखने को मिलती है, इंस्टाग्राम से लेकर एक्स तक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चुनावों से पहले राजनीतिक बढ़त के लिए कड़वे पोस्टर युद्ध और यहां तक कि कड़वे मीम की लड़ाई भी देखी जा सकती है। मतदाताओं, विशेषकर युवा और पहली बार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए मीम्स का इस्तेमाल किया है, जो कई बार विचित्र होते हैं। राजनीतिक पार्टियां प्रचार के साथ ही एक दूसरे पर हमला बोलने जबकि चुनाव आयोग वोटरों को मतदान केंद्र तक लाने के लिए इनका प्रयोग कर रहा है। मीम के साथ ही स्लोगन पोस्टर फिल्मी डायलाग का जमकर इस्तेमाल हो रहा है। चुनाव आयोग ने एक्स पर पोस्ट किया है कि हम मतदान को लेकर उत्साहित हैं क्या आप भी तैयार हैं। वहीं, राजनीतिक पार्टियों ने एक दूसरे पर हमले और प्रचार के लिए इसका प्रयोग किया है। भाजपा के सोशल मीडिया फीड पर मुख्य रूप से तस्वीरें और नारे हावी रहे हैं। जैसे मोदी की गारंटी और विकास भी, विरासत भी। वहीं, कांग्रेस ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें भाजपा पर व्यंग्यात्मक टैगलाइन, बेरोजगारी बहुत है, बाकी सब ठीक है,के साथ कटाक्ष किया गया।

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले राजनीतिक दलों के एक-दूसरे पर हमले जारी हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक फोटो शेयर करते हुए उन्हें मीम मटीरियल ऑफ दि ईयर बताया। जिसके कैप्शन में लिखा, ये अवॉर्ड तो बनता है। दरअसल, बीते 09 मार्च को दिल्ली के भारत मंडपम में पीएम मोदी ने क्रिएटर्स अवॉर्ड दिए। इसी दौरान की एक फोटो एडिट करके बीजेपी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शेयर की जिसमें पीएम मोदी राहुल गांधी को एक अवॉर्ड देते हुए दिख रहे हैं। इस अवॉर्ड पर 'जोकर' लिखा हुआ है। साथ ही अंग्रेजी में लाइन लिखी गई कि मीम मटीरियल ऑफ दि ईयर- राहुल गांधी। जिसका बीजेपी वालों ने कैप्शन लिखा, ये अवॉर्ड तो बनता है।

## विचार

# हर फिक्र को धुएं में उड़ाता

रजनीश कपूर

साल 1961 की बहुचर्चित फिल्म 'हम दोनों' का गाना 'हर फिक्र को धुएं में उड़ाता' सबने सुना होगा। धूम्रपान करने वालों ने भी इसे अवश्य सुना होगा। फिल्म में गाने के बोल इस तरह दर्शाए गए कि फिल्म का हीरो अपने सभी फिक्र और चिंताओं को धुएं के कश में उड़ा देता है और चिंता मुक्त हो जाता है, परंतु क्या यह सही है कि मात्र सिगरेट के कश भरने और धुआं उड़ाने से आपकी चिंताएं खत्म हो जाएंगी? इसका उत्तर है नहीं। बल्कि यदि आपको धूम्रपान की लत लग जाए तो आपकी स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ जरूर जाएंगी। आज जानते हैं कि ऐसा क्या है, इस चंद लम्हे की मामूली सी खुशी में, जो लाखों करोड़ों को इसकी लत लगा देती है। दरअसल, सिगरेट में मौजूद तंबाकू में निकोटीन पाया जाता है जो कश लेते ही बड़ी तेजी से आपके फेफड़े में समा जाता है और कुछ ही क्षण में दिमाग तक पहुंच जाता है। दिमाग में पहुंचते ही इसका संपर्क 'नर्व सेल' से होता है और इसके असर से डोपामाइन नाम का रसायन बाहर आता है। यह रसायन आपके दिमाग को संकेत देता है कि कुछ अच्छा करने से आपको इनाम मिल सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो, यह रसायन आपको ऐसा इशारा देता है कि आप एक बार दोबारा सिगरेट का कश भर लेते हैं। एक शोध के अनुसार सिगरेट की लत से प्रभावित लोगों, जिन्हें गले का कैंसर हुआ था, की गले की नली को काट कर अलग करना पड़ा। उपचार के बाद भी इस लत ने उनका पीछा नहीं छोड़ा और वे दोबारा धूम्रपान करने को मजबूर थे। विशेषज्ञों के अनुसार दिमाग के जिस हिस्से को 'एनिमल पार्ट' कहा जाता है, उससे ही निकोटीन की लत पर काबू पाया जा सकता है। नशीले पदार्थ हमारे दिमाग के 'एनिमल पार्ट' को इस कदर उकसाते हैं कि वो ऐसे संदेश भेजता है कि हम ऐसा बार-बार करें। वहीं दिमाग का दूसरा हिस्सा हमें ऐसा करने से रोकता भी है। नशे की लत की गिरफ्त में लोग अक्सर इस संघर्ष से जूझते रहते हैं। इस लत का इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि आप कितने समझदार हैं, बल्कि आपका दिमाग निकोटीन या अन्य नशीले पदाथरे पर किस तरह प्रतिक्रिया देता है। यदि समय रहते और सही संगति के चलते नशा या धूम्रपान रोक दिया जाए तो बेहतर हो परंतु ऐसा बहुत कम होता है। सिगरेट की लत के लिए केवल निकोटीन ही जिम्मेदार नहीं होती। इसके लिए एक प्रमुख भूमिका सिगरेट बनाने वाली कंपनियों और उनके द्वारा जारी किए भ्रामक विज्ञापन भी उतने ही जिम्मेदार हैं। पश्चिमी देशों में जैसे ही निकोटीन की लत को लेकर सवाल उठने लगे तो कुछ लोगों ने इसकी जड़ तक जाने की सोची। उन्होंने वैज्ञानिक तरीकों से साबित कर दिया कि सिगरेट के धुएं में कुछ भी लाभदायक नहीं होता। इतना ही नहीं, यह न केवल धूम्रपान करने वाले, बल्कि उसके आस-पास के लोगों के लिए भी काफी हानिकारक साबित हो सकता है। जैसे-जैसे यह अभियान तेजी पकड़ने लगा, धूम्रपान पर सार्वजनिक जगहों पर प्रतिबंध भी लगने लगा। सिगरेट पर अतिरिक्त और बढ़े हुए कर भी लगाए जाने लगे जिससे इसकी कीमत में भी बढ़ोतरी हुई। साथ ही, सिगरेट के डब्बों पर भी स्वास्थ्य संबंधित चेतावनियां भी छापी जाने लगीं परंतु इन सबके चलते भी पश्चिमी देशों की बड़ी-बड़ी सिगरेट कंपनियों ने हार नहीं मानी। ज्यादा मुनाफा कमाने की नीयत से इन कंपनियों ने विकासशील देशों और उन देशों का रु ख करना शुरू कर दिया जहां नियम और कानून सख्त नहीं थे। इन देशों में आम नागरिक धीरे-धीरे इन कंपनियों की मार्केटिंग के मायाजाल में बड़ी आसानी से फंस गए। देखते ही देखते इन कंपनियों की फिर से चांदी होने लगी। सोचने वाली बात यह है कि लोग धूम्रपान के आदी कैसे बन जाते हैं? कुछ लोग सिगरेट पीने को 'स्टेटस सिंबल' या सामाजिक स्थिति का संकेतक मानते हैं। समझते हैं कि धूम्रपान करना ऐसी आदत है जो किसी विशेष वर्ग में आपको बड़ी आसानी से स्थान देती है, परंतु इस स्थान पाने की होड़ में आप अपनी सेहत से खिलवाड़ कर लेते हैं। इस लत के चलते न सिर्फ आप अपनी सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं, परंतु अपने घरेलू बजट का भी नुकसान कर रहे हैं। ज्यों-ज्यों आपकी यह लत बढ़ती जाएगी आपकी जेब पर भार भी बढ़ेगा। धूम्रपान करने से मिलने वाला आंशिक 'सुकून' बड़ी मात्रा में आपके स्वास्थ्य पर असर करता है, और यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। इसलिए आप जब भी धूम्रपान करते किसी व्यक्ति को देखें या स्वयं अगला कश लगाने लगें तो यह सवाल अवश्य पूछें कि क्या वास्तव में धूम्रपान करने से फिक्र धुएं में उड़ रहे हैं? कहीं ऐसा तो नहीं फिक्र उड़ने की बजाय और बढ़ रहे हों?

# विश्व शतरंज में नई भारतीय चुनौती

हंसराज ठाकुर

भारतीय शतरंज के उभरते युवा सितारे दोम्माराजू गुकेश का जन्म 29 मई 2006 को चेन्नई (तमिलनाडु) में हुआ। मार्च 2019 में दोम्माराजू गुकेश विश्व शतरंज के इतिहास में ग्रैंड मास्टर बनने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी रहे। फीडे विश्व रैंकिंग में भारत के सर्वोच्च शतरंज खिलाड़ी भी बन चुके हैं। विश्व कप के दौरान दोम्माराजू गुकेश ने मिस्टराडिन इस्कंदरोव को हराकर 2755.9 की लाईव रेटिंग प्राप्त की। फिर 2758 सितंबर 2023 में इनकी शीर्ष रेटिंग रही। अब 2763 के करीब आने वाली है और विश्व क्लासिकल ओपन वर्ग में नौवें स्थान पर पहुंचे, जबकि विश्वनाथन आनंद 2754 की रेटिंग के साथ दसवें स्थान पर थे। गुकेश ने 17.17 वर्ष की सबसे कम उम्र में 2750 की ईलो रेटिंग पार करने का मैग्नस कार्लसन का 17.34 वर्ष का रिकॉर्ड तोडक़र, पहली बार भारतीयों के नाम किया। फीडे सर्किट सर्कल में शीर्ष स्थान पर रहने वाले दोम्माराजू गुकेश ने इसी बूते वर्ष 2024 में टोरोंटो में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। तेजी से उभरते इस भारतीय युवा शतरंज खिलाड़ी से हर भारतीय शतरंज प्रेमी को, भारतीय शतरंज के उज्ज्वल भविष्य के प्रति बहुत उम्मीदें हैं। गुकेश ने वर्ष 2015 में एशियन स्कूल शतरंज चैंपियनशिप और अंडर-12 आयु वर्ग में वर्ष 2018 में विश्व युवा शतरंज चैम्पियनशिप का अंडर-9 वर्ग जीता। अंडर-12 व्यक्तिगत रैपिड और ब्लीट्ज, अंडर-12 टीम रैपिड ओर ब्लीट्ज तथा अंडर-12 क्लासिकल शतरंज के प्रारूप में, वर्ष 2018 एशियाई यूथ शतरंज चैंपियनशिप में पांच स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रौशन किया। एशियाई व चेस ओलिंपियाड खेलों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। 12 साल 7 महीने और 17 दिन की उम्र में ग्रैंड मास्टर बनने वाले भारत के पहले व विश्व के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। फीडे स्वर्ण जयंती वर्ष 2024 में प्रायोजित फीडे कैंडिडेट प्रतियोगिता 3 अप्रैल से 23 अप्रैल तक टोरोंटो में आयोजित हुई। 14 दौर की बाजियां डबल राउंड रोबिन के आधार पर खेली गईं। पूरे विश्व की नजरें कैंडिडेट्स के विजेता पर लगातार बनी रही। पहली बार कैंडिडेट्स ओपन वर्ग के इतिहास में तीन भारतीय युवा शतरंज सितारों ने दस्तक दी और महिला वर्ग में दो भारतीय महिला प्रतिभागियों ने शिरकत की। बेशक कैंडिडेट प्रतियोगिता के शुरुआती चरण में भारतीय युवाओं को नवोदित खिलाडियों के रूप में देखा जा रहा था, मगर जैसे जैसे यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता आगे बढ़ती गई, सभी भारतीय खिलाड़ी अपनी छाप विश्व शतरंज पटल पर छोड़ते गए। अभी तक मात्र विश्वनाथन आनंद ही कैंडिडेट्स तक पहुंच कर, कई बार विभिन्न शतरंज खेल प्रारूपों में विश्व चैंपियन बने। मगर फीडे के आधिकारिक सौवें साल में एक नया भारतीय सितारा विश्व शतरंज प्रेमियों को देखने को मिला। भारत के लिए ये लम्हे गर्वित करने वाले हैं कि 17 वर्षीय दोम्माराजू गुकेश विश्व शतरंज कैंडिडेट के इतिहास में सबसे युवा विजेता खिलाड़ी बने। डी. गुकेश दूसरे भारतीय व विश्व के प्रथम युवा खिलाड़ी बने कैंडिडेट्स प्रतियोगिता को जीतकर। विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर भी बने। डी. गुकेश ने 40 वर्ष पुराने इतिहास को बदल कर एक नया इतिहास रच दिया। प्रतियोगिता के दौरान डी. गुकेश ने अपनी 14 दौर की बाजियों में पहली बाजी भारतीय खिलाड़ी विदित गुजराती से ड्रॉ खेली। दूसरी बाजी भारत के एक और युवा सनसनी रमेश बाबू प्रज्ञानंदा से जीती। तीसरे दौर की बाजी में पूर्व दो बार के कैंडिडेट्स विजेता इयान नेपोमिनियाची को बराबरी पर रोका। चौथी बाजी अमरीका के फाबियानो कारूआना के साथ बराबरी पर रोकी। पांचवें दौर में गुकेश ने निजत अबासोव को हराकर विजय प्राप्त की। छठे दौर में अमरीका के हिकारू नाकामुरा को बराबरी पर रोकते हुए ड्रॉ खेला। मात्र एक हार गुकेश को प्रतियोगिता के सातवें दौर की बाजी में अलीरेजा फिरोजा से मिली। इसके बाद इस युवा खिलाड़ी ने आठवें दौर की बाजी में विदित गुजराती को हरा दिया। नवें दौर की बाजी भारतीय सनसनी रमेश बाबू प्रज्ञानंदा से ड्रॉ की। दसवें दौर की बाजी भी इयान नेपोमिनियाची से ड्रॉ खेली। ग्यारहवें दौर की बाजी फाबियानो कारूआना से ड्रॉ की। बारहवें दौर में पुन: निजत अबासोव को हराकर विजय प्राप्त की और 13वें दौर की बाजी में अपनी हार का बदला लेते हुए अलीरेजा फिरोजा को हराकर शीर्ष बढ़त कायम कर ली। अंतिम व चौदहवें दौर में हिकारू नाकामुरा को बराबरी पर रोकते हुए नौ अंक अर्जित करके प्रतियोगिता के निर्विवाद विजेता बने।

# राष्ट्रहित में संकल्पित युवा शक्ति का मतदान

डॉ. निशा शर्मा



भारत इन दिनों अपना सबसे बड़े और पावन पर्व का आयोजन बड़े धूमधाम से कर रहा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत के नागरिक अपने राष्ट्र को अपने राष्ट्र को सशक्त और मजबूत सरकार देने के प्रयास में लगे हैं। सात चरणों में पूर्ण होने वाले इस वर्ष के लोकसभा के ये चुनाव देश के इतिहास के सबसे बड़े चुनाव होंगे। जिसमे से पहले चरण का मतदान पूर्ण हो चुका है, शेष अभी बाकी हैं। बैसे तो 18 वर्ष के ऊपर के सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग करते ही हैं, परन्तु हम सभी जानते हैं कि भारत युवाओं का देश है, यंगिस्तान कहे जाने वाले अपने भारत में आज लगभग 66त्न युवा मतदाता हैं। मतदाताओं का ये प्रतिशत किसी भी राष्ट्र की दशा और दिशा बदलने के लिए पर्याप्त है। आज भारत का युवा पहले के मुकाबले अपने राष्ट्र के प्रति और अधिक जागरूक और सक्रिय हो गया है। इसका अंदाजा अपने इर्द गिर्द हो रही कुछ घटनाओं को देखकर लगाया जा सकता है। उदाहरण के लिए जैसे गतवर्ष महिला समन्वय की तरफ से ब्रज प्रान्त में महिला सम्मलेन और इस वर्ष उसी क्रम में तरुणी और युवा सम्मेलनों का आयोजन कई स्थानों पर कराया गया था। सम्मेलनों में संख्या विशेषकर युवा तरुणियों की बढ़ती संख्या इस बात की ओर इशारा तो कर रही थी कि कहीं न कहीं हमारा युवा मतदाता अपने राष्ट्र की उन्नति को लेकर बेहद संवेदनशील रवैया अपना रहा है। फैशन, कैरियर, टेक्नोलॉजी के साथ अब भारत का युवा अपनी संस्कृति और राष्ट्र के हित को लेकर भी जागरूक है। इस बात पर पक्की मुहर तब लग गयी जब चुनाव आयोग ने इस वर्ष के आकडे ज़ारी किये और उसमे मतदाता सूची के पुनरीक्षण में स्पष्ट किया गया कि 18 से 29 साल के आयु वर्ग में 2.63 करोड़ नये मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है इसमें भी महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक रही। ये बड़े ही हर्ष का विषय है कि युवाओं विशेषकर महिलाओं में अपने राष्ट्र के प्रति ये विजन देखने को मिल रहा है।

समाज में आज युवा-वर्ग भारत की हर राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्थिति, परिस्थिति और इसके साथ ही इन सभी में भारत की भूमिका को देखते हुए बहुत गंभीरतापूर्वक विचार कर रहा है। अब वह समय नहीं जब युवा अपने सिलेबस से बाहर की बात कहकर अनदेखा कर दिया करता था बल्कि इसके उलट अब वह समाज में सामाजिक कार्यों से जुड़कर किस प्रकार की भूमिका हमारी होनी चाहिए ? इस बात पर विचार करता है। किसी भी राष्ट्र को तभी पूरी दुनिया सम्मान से देखती है और सम्मान देती है जब वह अपनी संस्कृति, विरासत पर गर्व करते हुए आगे बढता है। यह बात अब भारत का युवा जान चुका है और इसमें कोई संदेह भी नहीं कि युवा ही हमारे राष्ट्र का भविष्य हैं। आज भारत युवा शक्ति समपन्न राष्ट्र है, इतनी युवा शक्ति तो भारत के पास तब भी नहीं थी जब हमने आज़ादी पायी थी। ज़रा विचार कीजिये इतनी विशाल युवा-शक्ति यदि कुछ करने की ठान ले तो वह भारत को किस ऊंचाई पर ले जा सकती है। आज का युवा देश की तरक्की देख रहा है, सम्पूर्ण विश्व में भारत की साख पर गर्व भी महसूस कर रहा है। इसके साथ ही एक और शक्ति को भी अपने अन्तेमन में महसूस कर रहा है वो है भारत की आध्यात्मिक शक्ति। यह स्पष्ट है कि युवा शक्ति, आध्यात्मिक शक्ति को महसूस कर पूर्ण सम्मान के साथ उसका समर्थन भी कर रही है। ये दोनों विश्व की महानतम शक्तियां हैं और इतिहास साक्षी है कि जब जब दो पावन शक्तियों का संयोग हुआ है तब तब इतिहास रच गया है। यह हमारा सौभाग्य ही है कि ये दो महान शक्तियां केवल भारत के पास ही हैं।

विवेकानंद द्वारा रचित कर्मयोग में कर्म के रहस्य का ज्ञान का वर्णन किया गया है जिसमें सत्व, रजो और तम इन तीनों गुणों का सम्बन्ध मुख्यत: कर्मयोग से बताया गया है। कर्मयोग ही हमें यह शिक्षा देता है कि तीनो गुणों का उचित उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है, हम अपना कार्य अच्छी प्रकार कैसे करें साथ ही यदि हम लोग सुसंस्कृत, सुशिक्षित हैं तो हमें चिंतन, दर्शन, कला और विज्ञान में आनंद मिलता है इसके साथ ही धार्मिक चिंतन के अभ्यास में भी अलग ही आनंद है बल्कि स्वामी विवेकानंद जी ने तो अध्ययन के रूप में भी धर्म को अत्यंत आवश्यक माना है। क्योंकि यह सर्वविदित है कि युवा सहज ही चिंता, तनाव, अवसाद से घिर जाता है तब आध्यात्म ही सबसे उपयुक्त मार्ग है जिसके माध्यम से सकारत्मक सोच और रचनात्मक द्रष्टिकोण प्राप्त किया जा सकता है। आध्यात्मिक होने का मतलब ये कदापि नहीं कि आपको संन्यास की ओर ले जाया जा रहा है बल्कि आध्यात्म के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने का तरीका हमारे शास्त्रों में बताया गया है। आज का युवा भी इन्ही सब आध्यात्मिक बातों का निरंतर चिंतन करते हुए आगे बढ़ रहा है। किसी भी राष्ट्र की विकास यात्रा में अनेक उतार चढ़ाव आते है और आज भारत विश्व में जिस गति से आगे बढ़ रहा है उसमे युवाओं की महती भूमिका है। अर्थव्यस्था, विज्ञान, अनुसंधान, खेल, राजनीति, रणनीति, सुरक्षा कोई भी क्षेत्र आज युवाओं से अछूता नहीं है। इसी महती भूमिका का निर्वहन हमें मतदान वाले दिन भी करना है। राष्ट्र हित में दिया गया हमारा एक वोट एक शक्तिशाली राष्ट्र की गारंटी है। 66त्न जैसे बड़े प्रतिशत के साथ आध्यात्मिक शक्ति को साथ लेकर हम जो भी संकल्प ले लेंगे उसे रोकने की किसी में हिम्मत नहीं है। आज हमारे राष्ट्र को हमारे मत के रूप में हमारी आवश्यकता है। एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत को एक शक्तिसंपन्न सरकार देना भी हम युवाओं का ही उत्तरदायित्व है। आइये हम सभी संकल्प लें की लोकतंत्र के इस महान पर्व को उत्सव के रूप में मनाते हुए, राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करते हुए हम सभी मतदान करेंगे और करवाएगें।



# कई सारी शारीरिक समस्याओं की वजह बन सकता है हल्दी वाले दूध का अधिक सेवन

**हमारी रसोई में उपलब्ध हल्दी वो औषधि है, जो देसी नुस्खों और उपायों में रामबाण के तौर पर इस्तेमाल की जाती है। एंटीऑक्सीडेंट और एंटीइंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर हल्दी का सेवन बेहद लाभकारी माना गया है लेकिन कहते हैं न कि एक निश्चित मात्रा से अधिक औषधि का सेवन भी जहर के समान है, हल्दी दूध के अधिक सेवन में भी यही बात लागू होती है।**

अगर सेहत बनाने के लिए आप भी हल्दी वाले दूध का सेवन कर रहे हैं तो आपको इससे होने वाले नुकसान के बारे में भी जान लेना चाहिए। दरअसल, हल्दी वाले दूध का अधिक सेवन कई सारी शारीरिक समस्याओं की वजह बन सकता है, तो वहीं कुछ विशेष परिस्थिति में तो ये घातक भी हो सकता है। तो चलिए जान लेते हैं कि आखिर हल्दी वाले दूध के अधिक सेवन से किस तरह की शारीरिक समस्याएं पेश आ सकती हैं।

## शरीर में आयरन की कमी

आप पौष्टिकता के लिए हल्दी वाले दूध का सेवन करते हैं लेकिन आपको पता होना चाहिए इसकी अधिकता के कारण शरीर में आयरन की कमी हो सकती है। दरअसल, हल्दी में पाए जाने वाले करक्यूमिन नामक कंपाउंड, शरीर में आयरन के अवशोषण में बाधा बनता है। इसलिए जो लोग आयरन की कमी से जूझ रहे हैं, लोगों को खासतौर पर सीमित मात्रा में हल्दी वाले दूध का सेवन करना चाहिए।

## लिवर की समस्या

हल्दी वाले दूध के सेवन का कारण लिवर की समस्या भी हो सकती है। असल में हल्दी में मौजूद करक्यूमिन लिवर में सूजन पैदा करता है, जिसके कारण लिवर की समस्या हो सकती है।

## पेट की समस्याएं


हल्दी वाले दूध का अधिक सेवन शरीर के पीएच को प्रभावित करता है, जिसके कारण पेट में गैस और अपच की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए अगर आप पेट की समस्या से पीड़ित हैं तो आपको हल्दी वाले दूध का सेवन से बचना चाहिए।

## गर्भवती महिलाओं के लिए हानिकारक

हल्दी वाले दूध का सेवन गर्भवती महिलाओं के लिए हानिकारक माना जाता है। एक्सपर्ट की माने तो हल्दी के अधिक सेवन से गर्भाशय में ऐंठन, दर्द हो सकता है। वहीं कई बार इसके चलते ब्लीडिंग की भी समस्या हो जाती है। इसीलिए डॉक्टर्स प्रेग्नेंट महिलाओं को हल्दी वाले दूध के सेवन से बचने की सलाह देते हैं।

## शरीर में एलर्जी की प्रतिक्रिया

वहीं हल्दी दूध के अधिक सेवन से आपको एलर्जिक रिएक्शन भी हो सकते हैं, दरअसल हल्दी में पाए जाने वाले कंपाउड्स के चलते कुछ लोगों को स्किन पर रैशेज और सांस लेने में दिक्कत भी होती है। इसलिए अगर आपकी बॉडी एलर्जिक है तो आपको हल्दी वाले दूध के सेवन से परहेज करना चाहिए।



**मेनिनजाइटिस इंफ्लामेशन काफी खतरनाक साबित हो सकती है। यह इंफेक्शन के कारण होता है। अगर इसका इलाज ना किया जाए तो शरीर की कुछ क्षमताएं खत्म हो सकती हैं। इसलिए इसके लक्षणों को कभी नजरअंदाज ना करें।**

# 3 चीजों से बनता है मेनिनजाइटिस तुरंत चाहिए इलाज

दिमाग को बॉडी का प्रमुख कहा जाता है। यह शरीर के बाहरी और अंदरुनी सारे काम कंट्रोल करता है। अगर इसमें कोई भी खराबी आ जाए तो शरीर में भी खराबी आने लगती है। मेनिनजाइटिस भी दिमाग और स्पाइनल कॉर्ड से जुड़ी समस्या है। इसके अंदर दिमाग और स्पाइनल कॉर्ड के आसपास के मेंब्रेन में इंफ्लामेशन आ जाती है। इसमें मरीज को तुरंत इलाज की जरूरत पड़ती है वरना शरीर कई काम करने बंद कर सकता है। यह बीमारी काफी खतरनाक है, इस कारण वर्ल्ड मेनिनजाइटिस डे की तारीख 24 अप्रैल से 5 अक्टूबर बदल दी गई। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें शामिल हो सकें।

मेनिनजाइटिस होने के पीछे इंफेक्शन होते हैं। यह वायरल, बैक्टीरियल और फंगल इंफेक्शन की वजह से हो सकता है। वायरल इंफेक्शन सबसे ज्यादा मेनिनजाइटिस के लिए जिम्मेदार देखा गया है। हालांकि दूसरे इंफेक्शन ज्यादा खतरनाक रूप ले सकते हैं।

## मेनिनजाइटिस के लक्षण

इसके लक्षण कारण पर निर्भर करते हैं। हालांकि, कुछ आम संकेत निम्नलिखित हैं, जो किसी और बीमारी के कारण भी हो सकते हैं।

- भूख मरना
- चिड़चिड़ापन
- उल्टी
- डायरिया
- सांस की दिक्कत
- सिरदर्द
- बुखार
- गर्दन में अकड़न
- लाइट से सेंसिटिविटी
- ज्यादा नींद आना

## बच्चों में मेनिनजाइटिस

यह इंफ्लामेशन छोटे बच्चों को भी हो सकती है। उनके अंदर निम्नलिखित लक्षण दिख सकते हैं।


- बुखार
- शरीर में अकड़न
- तेज रोना
- बच्चा शांत ना होना
- ज्यादा सोना
- चल ना पाना
- चिड़चिड़ापन

## शरीर ये काम कर देता है बंद

मेनिनजाइटिस के कारण शरीर को काफी नुकसान झेलना पड़ सकता है। अगर इसका इलाज ना किया जाए तो सुनने की क्षमता, याददाश्त, देखने की क्षमता कम हो जाती है। इसकी वजह से दौरा पड़ना, माइग्रेन, ब्रेन डैमेज, सबड्यूरल एम्पायमा, हाइड्रोसेफालस भी हो सकता है।

## फैल भी सकता है मेनिनजाइटिस

मेनिनजाइटिस संक्रामक भी हो सकता है। इसके कुछ प्रकार एक मरीज से दूसरे मरीज तक फैल सकते हैं। मरीज के खांसने, छींकने या चुंबन लेने से यह स्वस्थ व्यक्ति को संक्रमित बना सकता है। इंफेक्शन फैलाने वाले मरीजों में यह वायरस या बैक्टीरिया अक्सर गले या नाक में मौजूद रहता है।



# रात के खाने में ना खाएं दही

**हम सभी जानते हैं कि दही खाना सेहत के लिए बहुत अधिक लाभकारी होता है। दही एक सुपर फूड है, जिसे हर दिन खाया जा सकता है और यह सेहत को सिर्फ एक नहीं अनेक तरीकों से लाभ पहुंचाती है। पाचन से लेकर त्वचा और बाल सबको हेल्दी रखती है। इस विषय पर नए सिरे से बात करने की जरूरत नहीं है। आज हम इस विषय पर बात करेंगे कि आखिर रात के खाने में दही खाने को क्यों मना किया जाता है.**

- आपने अपने पैरंट्स से अक्सर सुना होगा कि रात के समय दही या दही से बना रायता नहीं खाना चाहिए। लेकिन आज कल शादी-पार्टीज में यह ट्रेंड है कि आप रात के 12 बजे भी डिनर ले रहे होंगे तो आपको रायता जरूर मिलेगा खाने में.। खैर, सर्व करनेवाले तो सर्व करते है। यह तो आपको निर्णय लेना है कि रात में रायता या दही खाकर आप बीमार पड़ना चाहते हैं या नहीं।
- दही पाचनतंत्र को ऊर्जा देने का काम करती है। साथ ही हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है। लेकिन यदि दही का सेवन रात में किया जा तो पाचनतंत्र भी डिस्टर्ब होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है।
- अब आपके मन में यह सवाल आ रहा होगा कि आखिर रात में दही खाने पर ऐसा क्या हो जाता है? तो जान लीजिए कि रात को दही खाने पर पाचनतंत्र मंद हो जाता है। आयुर्वेद की भाषा में बात करें तो जठराग्नि मंद हो जाती है और शरीर की वायु कुपित हो जाती है। इस कारण रात में दही का सेवन करने पर हाथ, पैर, सिर, कमर या शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द की समस्या हो सकती है।
- इसके साथ ही दही खाने पर रोग प्रतिरोधक क्षमता पर इस लिए बुरा असर पड़ता है, क्योंकि दही तासीर में ठंडी होती है। यदि रात में दही खाई जाती है तो शरीर में कफ की मात्रा में वृद्धि हो सकती है। इससे गले में दर्द, खराश, बलगम वाली खांसी, सिर में भारीपन, जुकाम आदि की समस्या हो सकती है।
- जिन लोगों को अस्थमा की शिकायत है, उन्हें रात के समय भूल से भी दही का सेवन नहीं करना चाहिए। नहीं रात के समय अस्थमा अटैक के कारण सांस लेना मुश्किल हो सकता है। हालांकि सभी लोगों को इस बात की जानकारी भी होनी चाहिए खट्टी दही और मीठी दही दोनों के शरीर पर अलग-अलग प्रभाव होते हैं। लेकिन रात के समय आपको किसी भी प्रकार की दही लेने से बचना चाहिए।



# न जिम-न डाइटिंग, हल्दी से अंदर धंसेगी लटकती तोंद

**अगर आप सोच रहे हैं कि हल्दी का उपयोग सिर्फ खाने का स्वाद और रंग बढ़ाने तक सीमित है, तो आप गलत हैं। यह एक ऐसा मसाला है, जो पेट की जिद्दी चर्बी को खत्म करने की ताकत रखता है, बस आपको इस्तेमाल करना आना चाहिए।**

वजन कम करने के लिए लोग कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। लेकिन सर्दियों के दिनों में वजन कम करना बहुत मुश्किल होता है। लगातार बैठे रहने से पेट की चर्बी तो निकल जाती ही है लेकिन पेट के साथ-साथ जांघें और कमर भी मोटी दिखने लगती है। बहुत से लोग कमर और पेट के आकार को कम करने के लिए जिम जाकर घंटों एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं। वजन कम करने के लिए क्या करें? पेट और कमर की चर्बी कम करने और सुडौल शरीर पाने के लिए आप किचन में रखे मसालों का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर बात करें मसालों की तो इनमें हल्दी एक ऐसा जादुई मसाला है, जो पेट की चर्बी को काटने का काम करता है। खाने को स्वाद और रंग देने वाले इस मसाले को आप वजन कम करने वाले हथियार के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। चलिए जानते हैं कि आप वजन घटाने के लिए हल्दी का उपयोग कैसे कर सकते हैं।

## पेट की चर्बी का नामोनिशान मिटा सकती है हल्दी

एक अध्ययन के अनुसार, हल्दी वजन घटाने के लिए फायदेमंद है। पशु अध्ययनों से पता चला है कि हल्दी में एक शक्तिशाली यौगिक करक्यूमिन होता है, जो फैट बर्न करने का काम करता है। वजन कम करने में असमर्थ 44 लोगों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला कि दिन में दो बार 800 मिलीग्राम करक्यूमिन लेने से उनका बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) कम हो गया। इसके अलावा कमर और कूल्हे की चर्बी भी कम हुई।

## हल्दी के गुण

कच्ची हल्दी में एंटीबैक्टीरियल, एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-फंगल गुण होते हैं। इसमें विटामिन सी, पोटैशियम, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, कॉपर, जिंक, थायमिन, राइबोफ्लेविन होता है। ये पोषक तत्व शरीर को शारीरिक समस्याओं से बचाते हैं।

## वजन घटाने के लिए हल्दी वाला पानी कैसे तैयार करें?

- मोटापा कम करने के लिए आप कच्ची हल्दी को गर्म पानी में उबालकर पी सकते हैं। इस मिश्रण का खाली पेट सेवन करने से आपको तेजी से वजन घटाने में मदद मिल सकती है।
- इसके लिए 2 गिलास पानी में कच्ची हल्दी के टुकड़े डालकर उबाल लें
- जब एक गिलास पानी बचे तो आंच बंद कर दें और पानी को छानकर एक गिलास में निकाल लें
- सुबह खाली पेट सबसे पहले इसका सेवन करें।
- अगर आप हल्दी वाला पानी नहीं पीना चाहते तो आप हल्दी वाले दूध का सेवन कर सकते हैं



# हाइड्रेट और रीहाइड्रेट करने का सबसे अच्छा तरीका है पानी

पानी सबसे जरूरी पोषक तत्व है और पानी पीने के ढेरों फायदे हैं. वास्तव में पानी को जीवन के लिए अमृत कहा गया है। ऐसे में जरूरी है कि आप पानी से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों के बारे में जानें क्योंकि पानी मनुष्य के शरीर का 70 फीसदी हिस्सा बनाता है और शरीर की हर कोशिका को हाइड्रेट, डीटॉक्स करता है, शरीर का तापमान सामान्य बनाए रखकर जीवनशैली को स्वस्थ बनाता है।

प्यास लगना डीहाइड्रेशन का संकेत है, इसलिए जरूरी है कि आप दिन भर पानी पीते रहें। डीहाइड्रेशन के कारण शरीर में ऊर्जा का स्तर कम हो जाता है और इम्यून सिस्टम (बीमारियों से लड़ने की ताकत) कमजोर पड़ जाता है। वे लोग जो अधिक सक्रिय रहते हैं, शारीरिक व्यायाम करते हैं, खेलते हैं, उनमें पसीना ज्यादा बहता है, ऐसे में उनके लिए अपने शरीर को नियमित रूप से हाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। शरीर से पानी ज्यादा निकल जाने से क्रैम्प्स पड़ने लगते हैं और शरीर लेक्टेट को बफर करने में सक्षम नहीं रहता। अक्सर देखा जाता है कि एथलीट्स और बॉस्केटबॉल खिलाड़ियों को हाइपरथर्मिया हो जाता है या पानी की कमी एवं बहुत ज्यादा डीहाइड्रेशन के चलते उनका ब्लड प्रेशर गिर जाता है। ऐसी स्थिति में रीहाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। अगर आपमें डायरिया, कम पानी पीना, पेट में फ्लू, बहुत ज्यादा दवाएं लेना जैसी स्थितियां हैं या आपने पिछली रात ज्यादा शराब का सेवन किया है तो ऐसे में शरीर को रीहाइड्रेट करना बहुत अधिक महत्वपूर्ण होता है। रीहाइड्रेशन ओरल माध्यम से या इन्ट्रावीनस तरीके से किया जा सकता है। हममें से ज्यादातर लोग पानी पीने पर ठीक से ध्यान नहीं देते। दिन भर चलने वाले वर्चुअल मीटिंग्स, असाइनमेन्ट और घर के कामों के बीच अक्सर हम पानी पीना भूल जाते हैं। ऐसी स्थिति में हमें अपने पास पानी की बोतल रख या हेल्थ ऐप के जरिए रिमाइंडर लगाकर बार-बार पानी पीते रहना चाहिए।

## कोशिका की संरचना में पानी का महत्व

कोशिकाओं को स्वस्थ बनाए रखने के लिए पानी जरूरी है, यह बालों, त्वचा और नाखुनों की कोशिकाओं का अभिन्न हिस्सा है। पानी कोलाजन के उत्पादन में मदद कर कोशिकाओं की उम्र बढ़ने से रोकता है। इसके अलावा, पानी जोड़ों एवं रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ बनाए रखने के लिए भी जरूरी है क्योंकि पानी शरीर में लुब्रिकेन्ट की भूमिका निभाता है, जिसके परिणामस्वरूप जोड़ों के बीच फ्रिक्शन कम होता है।

## शरीर का तापमान बनाए रखने में मदद करता है

शरीर का तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए तरल का संतुलन बहुत महत्वपूर्ण होता है। आपके शरीर में एंजाइम ठीक से काम करते रहें, इसके लिए शरीर का तापमान सामान्य बना रहना बहुत जरूरी है, अगर ऐसा नहीं होगा तो शरीर के सभी काम रूक जाएंगे।



## पाचन में मदद करता है

अक्सर लोग ये सवाल पूछते हैं 'पानी पीने का सही समय क्या है? खाना खाने से पहले? खाना खाने के बाद? खाना खाने के दौरान? इन तीनों समय में पानी पीने से भोजन को पचाने में मदद मिलती है। पानी पीने से सलाईवा यानि लार की सही मात्रा बनती है, लार में इलेक्ट्रोलाईट, म्यूकस और एंजाइम होते हैं जो भोजन पचाने में मदद करते हैं और मुख के स्वास्थ्य को सामान्य बनाए रखते हैं। भोजन का पाचन मुख में ही शुरू हो जाता है और उम्र बढ़ने के साथ लार का उत्पादन कम मात्रा में होने लगता है। अगर आपको महसूस हो रहा है कि आपका मुंह सूख रहा है तो ज्यादा मात्रा में पानी पीना शुरू कर दें।

## शरीर में फैट यानि वसा को बर्न करने में मदद करता है

कई अध्ययनों में पाया गया है कि पानी का सेवन सही मात्रा में करने से शरीर की वसा को बर्न करने में मदद मिलती है, इस तरह यह वजन कम करने में भी मददगार है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, रविवार 28 अप्रैल 2024

## संजीवनी अस्पताल में ओपीडी जांच में 25 प्रतिशत की छूट

**रायपुर (विसं)।** 07 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान पश्चात अस्पताल की ओपीडी में चिकित्सकीय परामर्श के लिए आने वाले मतदाताओं को ओपीडी जांच में निर्धारित अस्पताल दर पर 25 प्रतिशत छूट दी जाएगी। 08 मई से 12 मई तक ओपीडी परामर्श में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा कोई व्यक्ति यदि मतदान तिथि को भर्ती होता है, तो उसे 07 मई का रूम रेंट नहीं देना होगा।



# चेंबर में आमसभा का हुआ सफल आयोजन, लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान हेतु व्यापारियों ने ली शपथ : अमर पारवानी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष- राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आमसभा का आज दिनांक 27 अप्रैल 2024 को दोपहर 3 बजे चेम्बर कार्यालय चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट, रायपुर में संपन्न हुई। जिसमें चेम्बर प्रदेश महामंत्री श्री अजय भसीन द्वारा 3 वर्ष के कार्यकाल में किये गये कार्यों की जानकारी दी गई तथा चेंबर आय व्यय ब्यौरा उपस्थित सदस्यों के बीच रखा गया।




चेंबर महामंत्री श्री अजय भसीन ने आमसभा में चेम्बर द्वारा 3 वर्ष के कार्यकाल में किये गये कार्यों की जानकारी देते हुए आगे बताया कि व्यापारिक हित में कई महत्वपूर्ण मांग चेंबर द्वारा की गई जिसे शासन प्रशासन द्वारा त्वरित निर्णय लेकर कार्यवाही की गई, इसी के परिणामस्वरूप आज शासकीय योजनाओं में चेंबर पदाधिकारियों को सदस्य के रूप में स्थान मिल रहा है। श्री पारवानी जी ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के व्यापारियों को पहचान दिलाई है। व्यापार शिरोमणि, सर्वश्रेष्ठ व्यापारी से अलंकृत हुए तथा राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य के रूप में चुने गये। यही कारण है कि आज छत्तीसगढ़ के व्यापारियों को राष्ट्रीय स्तर पर अलग से देखा जाता है।

कार्यक्रम में श्री भसीन द्वारा 64वें वार्षिक सम्मेलन (आमसभा) की कार्यवाही का पठन किया गया जिसे उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। उसके पश्चात् सदस्यों से प्राप्त नये आवेदन पत्रों को स्वीकृति प्रदान की गई। फर्मों/ प्रतिनिधियों के नाम परिवर्तन हेतु प्राप्त आवेदन को स्वीकृति, रू. 2000 से अधिक के खर्च की स्वीकृति प्रदान की गई। चेम्बर प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री उत्तम गोलछा जी की अनुपस्थिति में चेम्बर मंत्री श्री राकेश वाधवानी ने चेम्बर के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। चेम्बर महामंत्री श्री अजय भसीन ने सदस्यों को प्रस्ताव रखा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चेम्बर चुनाव की तिथि को 3 माह के लिये आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसे उपस्थित सदस्यों द्वारा एकस्वर में सर्वसम्मति से अपनी स्वीकृति दी गई।

आमसभा के कार्यक्रम को बढ़ाते हुए चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारी सदस्यों एवं पदाधिकारियों तथा व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों से यह अपील की कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के व्यापारी स्वयं को अद्यतन करें, विकसित भारत तभी बनेगा जब विकसित छत्तीसगढ़ होगा, जिसे प्राप्त करने के लिये हमें अपने व्यापार करने की प्रक्रिया में बदलाव लाना होगा। सरकार द्वारा लाये जा रहे प्रावधानों और योजनाओं का हमें ज्ञान होगा। जब तक हम अपने कंफर्ट जोन से बाहर नहीं निकलेंगे तब तक हमारा विकास संभव नहीं है। रूढ़िवादिता को छोड़ नवीन चीजें अपानी होगी क्योंकि मुश्किल समय ही व्यक्ति को मजबूत बनाता है। श्री पारवानी जी ने उपस्थित व्यापारियों से निवेदन करते हुए कहा कि हमें अपने व्यापार को रि-चेक करने की आवश्यकता है। हमें अपने विजन को बढ़ाने की आवश्यकता है। जब तक हम स्वयं में सक्षम नहीं होंगे तब तक हम अपने लक्ष्य को भेद नहीं सकते। अत: हमें भविष्य में अवसरों को देखते हुए सुनियोजित तरीके से आगे बढ़ना होगा। श्री पारवानी जी ने 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव हेतु आमसभा में उपस्थित समस्त व्यापारी सदस्यों को शत् प्रतिशत मतदान करवाने की शपथ लेने की अपील की कि सबसे पहले मैं, मेरा परिवार, मेरा कर्मचारी, उनका परिवार एवं पड़ोसी अवश्य ही मतदान करें। कार्यक्रम का संचालन चेम्बर महामंत्री श्री अजय भसीन एवं कार्यकारी महामंत्री श्री कपिल दोशी ने किया तथा आभार प्रदर्शन चेम्बर महामंत्री श्री अजय भसीन ने किया। आमसभा में चेम्बर पदाधिकारी, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यूनतम समस्या अधिकतम राहत दे सके इस दिशा में हम कार्य कर रहे हैं: कलेक्टर डॉ. सिंह

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने रायपुर दक्षिण विधानसभा के शासकीय प्राथमिक शाला भाटागांव 14 मतदान केंद्र, शासकीय प्राथमिक शाला चांगोराभाठा 14 मतदान केंद्र, पंडित सुंदरलाल शर्मा उत्तर माध्यमिक शाला लाखे नगर 7 मतदान केंद्र, डॉक्टर अनिरुद्ध सिंह प्राथमिक शाला कुशालपुर 6 मतदान केंद्र, पटेल विद्या मंदिर महाराजगंज तालाब 6 मतदान केंद्र, शासकीय राधा भाई भाई नवीन कन्या महाविद्यालय मठपारा 5 मतदान केंद्र, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला संतोषी नगर 7 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्र में पहुंचकर बुनियादी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के साथ आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 5 से अधिक बूथ वाले मतदान केंद्रों का दौरा किया और केंद्रों में आवाजाही, लाइट, पंखा, पेयजल, टॉयलेट इत्यादि चीजों की सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान केंद्रों में मतदाताओं को क़तार में खड़े रहने के बजाए बैठने के लिए बैंच रखने के निर्देश दिए गये हैं। मतदान केंद्रों में मतदान दल के ठहरने के इंतजाम को देख कर व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए। ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि मतदाता एवं मतदान दल के अलावा मतदान ड्यूटी पर लगे हर व्यक्ति को न्यूनतम समस्या, अधिकतम राहत दे सके इस दिशा में हम कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, एसडीएम श्री नंदकुमार चौबे समेत कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### बृजमोहन अग्रवाल ने आदिवासी और सतनामी समाज के प्रतिनिधियों से की मुलाकात

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज के उत्थान का काम कर रही है। गिरोदपुरी में कुतुबमीनार से भी ऊंचा विश्व का सबसे बड़ा जैतखाम का निर्माण भाजपा शासनकाल में कराया गया था। देश में जनजाति समाज के योगदान को मान्यता देते हुए भाजपा सरकार ने जनजाति गौरव दिवस मनाने का संकल्प लिया है यह बात रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को बलौदाबाजार में आदिवासी और सतनामी समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान कही। श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की विचारधारा में विश्वास रखती है। राज्य में भाजपा सरकार ने ऐसे इलाके जहां सतनामी समाज की बड़ी संख्या है। वहां सतनामी समाज भवन का निर्माण कराया। बस्तर में आदिवासी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए सरकार ने बस्तर दशहरा, चित्रकोट महोत्सव, रामा राम महोत्सव और गोंचा महोत्सव आयोजन की राशि को पहले से ज्यादा बढ़ा दिया है। श्री अग्रवाल ने समाज के लोगों से एकजुट होकर कमल के फूल को वोट देने और मोदी जी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने के लिए कहा। इस अवसर पर आदिवासी समाज और सतनामी समाज के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ में भाजपा शासनकाल में समाज के लिए किए गए कार्यों पर आभार जताया और आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी जी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को वोट देने की बात कही।

## रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने अधिवक्ता साथियों से मुलाकात कर उनका समर्थन मांगा



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान के तहत आज जिला न्यायालय, बलौदाबाजार में अधिवक्ता साथियों से मुलाकात की और उनका समर्थन मांगा। इस दौरान अधिवक्ताओं के साथ चर्चा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के विचारों और नीतियों के संबंध में अपनी बात रखी।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, अधिवक्ता न्यायपालिका का एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और वे संविधान की रक्षा और गरीबों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये कानूनी सुधारों की वकालत करके और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाकर सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कांग्रेस की तरह तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करती है हमारी सरकार हमेशा ही गरीबों और वंचितों को उनका हक दिलाने का काम करती रही है। जिसमें प्रबुद्ध जनों का भी सहयोग मिलता रहा है। बृजमोहन अग्रवाल ने अधिवक्ताओं से नए भारत के निर्माण के लिए भाजपा को सहयोग करने और रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में भाजपा को प्रचंड मतों से जीत दिलाने की अपील की। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने भी भाजपा को प्रचंड मतों से जीत दिलाने की बात कही। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, विजय केसरवानी, अशोक जैन, रितेश श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम सोनी, राहुल सोनी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मो. शारिक खान, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेश चंद्र द्विवेदी, धनंजय साहू, आलोक अग्रवाल, रेवाराम साहू आदि उपस्थित रहे।

## कुलदीप जुनेजा ने घर-घर सघन जनसंपर्क कर कांग्रेस की गारंटी योजना को लोगों तक पहुंचाया

### शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे रहे मौजूद



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उत्तर विधानसभा के घरों तक पहुंच रहे पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा कांग्रेस सरकार की गारंटी योजना से लोगो को लाभ दिलाने इस बार कांग्रेस प्रत्याशी श्री विकास उपाध्याय को जिताने अपील कर रहे हैं। साथ ही शहर अध्यक्ष श्री गिरीश दुबे लगातार कार्यकर्ताओ के साथ जनसंपर्क के माध्यम से आमजनों का समर्थन मांग रहे है, राजीव गांधी वार्ड सेक्टर 3 सहित रमण मंदिर में कुम्हार पारा, विरांगना अवंती बाई वार्ड में पूर्व पार्षद राधेश्याम विभार के साथ स्कूल पारा के विभिन्न क्षेत्रों में सुबह से ही लोगों के बीच जाकर कांग्रेस को जिताने अपील करते हुऐ कार्यकर्ताओ में भी एकजुटता दिखाई दे रही है। इस दौरान वरिष्ठ नेता संजय पाठक जमीनी स्तर तक पहुंच कर महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के साथ न्याय योजना कार्ड के माध्यम से इसका लाभ लोगों को बता रहे है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अरुण जघेंल, ब्लॉक अध्यक्ष संजय सोनी, कमल घृतलहरे, देवेंद्र दुर्गा, प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के शेख इमरान, माधव छूरा, मुश्ताक अली रोशन श्रीवास, सागर तांडी, युधिष्ठिर नायक, मकरंद ताड़ी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्त्ता के साथ राजीव गांधी वार्ड के अध्यक्ष चित्ररंगा साहू भी मौजूद रहे।

## निर्मल जी सेठी के पुण्य तिथि पर हार्दिक विनयांजलि



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जैन समाज के दिव्य पुरुष समाज गौरव जैन महासभा के निर्माता स्व.आदरणीय श्री निर्मल जी सेठी के पुण्यतिथि पूरे भारत ही नही वरण विदेशों में भी धरोहर दिवस के रूप में मना रहे है, श्री निर्मल जी सेठी जैन धर्म के प्रचार प्रसार में व जैन पुरातत्व के संरक्षण में अपना बहुमूल्य जीवन समर्पित किया वे अपने उम्र का भी ख्याल न करते हुए तथा जैनत्व के नियमों का पूर्ण पालन करते हुए अपनी चंचला लक्ष्मी का उपयोग जैन धर्म व समाजहित में किया, भारत के स्थानों में ही नही विदेशों की भी कई बार यात्राएं की।

भारत वर्षीय दिगम्बर जैन महासभा, जैन तीर्थ संरक्षणि सभा, विद्वानों के लिये विद्वत परिषद, खंडेलवाल महासभा, व जैन गजट के माध्यम से धर्म, समाज व देव, शास्त्र, गुरु की सेवा की और अन्य को भी इन सबके सेवा हेतु जोड़े रखा, मृदुभाषी, हँसमुख, पूर्ण धार्मिक प्रवर्ती, सहयोग की भावना के साथ उन्होंने अपना जीवन जिया, वो एक व्यक्ति नही एक विचार थे, उनके निधन से समाज की अपूर्णीय क्षति हुई है, हम उनके द्वारा जो बीड़ा उठाया गया था उसे तन मन धन से पूर्ण करें ये ही उनके प्रति सच्ची विनयांजलि होगी। श्री नागपुर प्रांतीय दिगम्बर जैन खंडेलवाल सभा के सभापति श्री मनोज पहाड़िया, प्रांतीय महामंत्री श्री देवेंद्र छाबड़ा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री मनोज सेठी, रायपुर ज़ोन के संयोजक अरविंद पहाड़िया ने अपनी पूरी कार्यकारिणी, सदस्यों की ओर से श्री निर्मल जी सेठी जी |को नमन करते हुए अपनी हार्दिक विनयांजलि दी, तथा सभी से अनुरोध किया कि हम अपने मानव जीवन को सेवा के माध्यम से सफल बनायें। **-अरविंद जैन पहाड़िया**

## नेक्सट जेनरेशन सिक्केंसिंग की मदद से प्रदान करें अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सेवाएं




### एम्स में बीएसएल-3 लैब का कार्य प्रगति पर, माइक्रोबायोलॉजी की पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मेडिकल माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट, बायोटेक्नोलॉजिस्ट और मॉलीक्यूलर बायोलॉजिस्ट को कोविड-19 के बाद पैदा हुई नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में नेक्सट जेनरेशन सिक्केंसिंग पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें देशभर के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सकों और वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने बताया कि एम्स की राज्य स्तरीय वीआरडी लैब को बीएसएल-3 में अपग्रेड करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद वीआरडी लैब अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाओं से लैस हो जाएगी। इसकी मदद से कोविड-19 के बाद पैदा हो रही नई चुनौतियों का आसानी के साथ सामना किया जा सकेगा। उन्होंने माइक्रोबायोलॉजी विभाग के चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से अन्य लैब के चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को भविष्य की चुनौतियों के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुदिता भार्गव ने बताया कि नेक्सट जेनरेशन सिक्केंसिंग की मदद से संक्रमण फैलाने वाले माइक्रोआर्गनिज्म के संपूर्ण जिनोम की पहचान करने में चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को काफी मदद मिलती है। एनजीएस एक महंगी और विशेषज्ञता वाली तकनीक है जिसकी वजह से यह अभी कुछ ही स्थानों पर उपलब्ध है। पांच दिवसीय कार्यशाला में चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को प्रमुख रूप से न्यूक्लियर एसिड एक्सट्रेक्शन, टार्गेट इनरिचमेंट, फ्लो सेल्स की लोडिंग और विभिन्न सॉफ्टवेयर की मदद से डेटा का विश्लेषण करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए अब चेम्बर ऑफ कॉमर्स की पहल

# अंगुली में स्याही दिखाने पर विभिन्न व्यापारी संघ उत्पादों में देंगे छूट, चेम्बर ने कलेक्टर को दी निर्णय की जानकारी



### सराहनीय पहल निश्चित ही मतदाताओं को मिलेगा प्रोत्साहन : डॉ. सिंह

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लोकसभा चुनाव-2024 में शहरी मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो। मतदाता घर से बाहर निकलकर वोट करें। इसके लिए अनेक पहल किए जा रहे हैं। अब इनमें चेम्बर ऑफ कॉमर्स अपनी अग्रणी भूमिका निभाने जा रहा है। आज उनके अध्यक्ष श्री अमर परवानी के नेतृत्व में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर अलग-अलग व्यापारिक समूह अपने उत्पादों में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए छूट देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जो मतदाता अंगुली की स्याही उनके दुकानों, प्रतिष्ठानों में आकर दिखाएगा उसे तत्काल विभिन्न उत्पाद, रेस्टोरेंट में अलग-अलग छूट दी जाएगी। कलेक्टर ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स रायपुर के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे रायपुर के मतदाता प्रोत्साहित होंने और अधिक से अधिक संख्या में 07 मई को मतदान करेंगे। कलेक्टर ने श्री परवानी सहित चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों को बैच पहनाया और मग के साथ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

अमर परवानी ने बताया कि फर्नीचर एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, रायपुर ऑप्टिकल एसोसिएशन द्वारा 15 प्रतिशत, प्लाईवुड एसोसिएशन द्वारा 5 प्रतिशत, शराफा एसोशिएशन द्वारा गोल्ड मेकिंग चार्ज पर 15 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जाएगा।

वहीं रविभवन व्यापारी संघ अपने एसेसरीज उत्पादों में 10 प्रतिशत छूट देंगे एवं मोबाईल रिपेयरिंग के साथ मोबाईल गार्ड फ्री देंगे। साथ ही एफएमसीजी होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर्स संघ( बंजारी मार्केट) ने कहा कि वे 15 प्रतिशत ऑन एमआरपी पर छूट देंगे। कैफे एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, राडा द्वारा कार के एसेसरीज द्वारा 10 प्रतिशत, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा 5 टन से अधिक क्षमता वाले माल वाहकों के फ्रेट पर 10 प्रतिशत का डिस्काउंट देंगे।

कम्प्यूटर एसोसिएशन की तरफ से हर लैपटॉप पर आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा। एल्यूमीनियम एसोसिएशन के ग्राहकों को आकर्षण गिफ्ट मिलेगा। आईडीबीटी व्यापारी संघ (नया बस स्टैंड) द्वारा फूड आयटम पर 15 प्रतिशत की छूट, टॉय व्यापारी एसोसिएशन द्वारा एमआरपी पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

इसके साथ ही मार्बल टाईल्स एसोसिएशन, ड्राईफरूट एसोसिएशन, साईकिल एसोसिएशन, गोलबाजार व्यापारी संघ, बंजारी रोड व्यापारी संघ, कार एसेसरीज व्यापारी संघ द्वारा आकर्षण गिफ्ट मतदाताओं को दी जाएगी। श्री राम थोक मंडी द्वारा 3000 सब्जी पैकेट का वितरण किया जाएगा।

## बिलासपुर एवं यशवंतपुर के मध्य 9 फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा

### रायपुर से गोंदिया के मध्य दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के यात्री लाभान्वित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेल यात्रियो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा एक समर स्पेशल ट्रेन 08291/ 08292 बिलासपुर-यशवंतपुर-बिलासपुर समर स्पेशल ट्रेन बिलासपुर एवं यशवंतपुर के मध्य 09 फेरो के लिये चलाई जायेगी। यह गाड़ी बिलासपुर से प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को ट्रेन नंबर 08291 बिलासपुर-यशवंतपुर समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 30 अप्रैल से 28 मई, 2024 तक तथा इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी यशवंतपुर से प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को ट्रेन नंबर 08292 यशवंतपुर-बिलासपुर समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 02 से 30 मई, 2024 तक चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआर, 06 सामान्य, 10 स्लीपर, 02 एसी थ्री, 01 एसी-टू श्रेणी सहित कुल 21 कोच रहेगी। इस गाड़ी की विस्तृत समय-सारणी निम्नानुसार है-

| 08291 बिलासपुर-यशवंतपुर समर स्पेशल ट्रेन (प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार) | | स्टेशन | 08292 यशवंतपुर-बिलासपुर समर स्पेशल ट्रेन (प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार) | |
|---|---|---|---|---|
| — | 20.00 | बिलासपुर | 09.00 | — |
| 20.37 | 20.39 | भाटापारा | 07.17 | 07.19 |
| 21.50 | 21.55 | रायपुर | 06.27 | 06.32 |
| 22.45 | 22.50 | दुर्ग | 05.50 | 05.55 |
| 23.11 | 23.13 | राजनांदगाँव | 05.12 | 05.14 |
| 23.36 | 23.38 | डोंगरगढ़ | 04.48 | 04.50 |
| 01.00 | 01.10 | गोंदिया | 03.40 | 03.50 |
| 05.00 | 05.10 | बल्हारशाह जंक्शन | 23.15 | 23.26 |
| 05.58 | 06.00 | सिरपूर कागज़नगर | 21.15 | 21.17 |
| 06.40 | 06.42 | मंचिर्याल | 20.29 | 20.31 |
| 07.06 | 07.08 | पेद्दपल्ली जंक्शन | 20.03 | 20.05 |
| 08.22 | 08.24 | काजीपेट जंक्शन | 19.00 | 19.02 |
| 11.00 | 11.15 | सिकंदराबाद | 17.00 | 17.15 |
| 11.39 | 11.41 | लिंगमपल्ली | 16.00 | 16.02 |
| 12.15 | 12.17 | विकाराबाद जंक्शन | 15.23 | 15.25 |
| 16.09 | 16.11 | रायचूर जंक्शन | 11.50 | 11.52 |
| 17.02 | 17.04 | आदोनि | 10.57 | 10.59 |
| 17.44 | 17.54 | गुंतकल जंक्शन | 10.07 | 10.17 |
| 20.55 | 21.00 | धर्मवरम जंक्शन | 08.40 | 08.45 |
| 22.56 | 22.58 | यलहंका जंक्शन | 05.21 | 05.23 |
| 00.15 | — | यशवंतपुर | — | 05.00 |

## मतदाता जागरूकता के लिए स्पी वॉक की अनुकरणीय पहल, भोजन में 25% और मनोरंजन की सुविधा में 30% छूट की घोषणा

### कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने इन संस्थाओं के मतदाता जागरूकता की नई पहल को सराहा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मतदाता जागरूकता के लिए निरंतर पहल की जा रही है। शहरी क्षेत्र में वोटर अधिक से अधिक संख्या में घरों से बाहर निकले और 7 मई को मतदान करें। इसके लिए निजी प्रतिष्ठान भी स्वमेव आगे आ रहे हैं। मरीन ड्राइव में स्थित स्पी वॉक ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को पत्र देते हुए घोषणा की है कि वे सारे फुड आउटलेटस पर भोजन में 25 प्रतिशत का छूट देंगे। बच्चों के मनोरंजन के लिए चलने वाले बस, ट्रेन की सवारी पर 30 प्रतिशत छुट दिया जाएगा। स्पी वॉक के निर्देशक श्री गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा विश्वास हूँ कि मतदान प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है। हमारे इन ऑफर से मतदाता निश्चित प्रेरित होंगे और अधिक से अधिक मतदान करेंगे। यह सुविधा मतदान दिवस के दिन 7 मई को मतदाताओं को अंगुली में स्याही लगा दिखाने पर मिलेगी।

### ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल ने ओपीडी पर 25 प्रतिशत छूट देने का किया ऐलान

लोकसभा चुनाव के दिन ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल ने ओपीडी परामर्श में छूट देने का ऐलान किया है। मतदान तिथि पर 7 मई को अंगुली पर मतदान की स्याही दिखाने पर उस दिन नि:शुल्क ओपीडी परामर्श दिया जाएगा। साथ ही अस्पताल में की जाने वाली ओपीडी जांचों में अस्पताल दर पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। 8 मई से 15 मई तक ओपीडी में आए व्यक्ति को अपने अंगुली पर मतदान की स्याही दिखाने पर ओपीडी परामर्श में 50 प्रतिशत और जांच में 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं 7 मई को अस्पताल में भर्ती होने पर अंगुली पर मतदान की स्याही दिखाने पर उस व्यक्ति को 7 मई का बेड़ बार्ज नहीं लिया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि यह पहल लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने में सहायक होगी और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित किए जा रहे इस इस महापर्व में सहभागी बनेंगे।


राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354